दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली।। मंगलवार 02 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 263 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन आज राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश और प्रदेश में पार्टी कार्यकताओं ने स्वतःस्फूर्त ढंग से हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रातः से ही समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय, लखनऊ में हजारों कार्यकताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तमाम लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश यादव को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बड़ी सख्यां में आये सभी नेता एवं कार्यकर्ता, सभी समाज के लोग, महिलाएं, बच्चे, युवा, अधिकारी, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, संत, महात्मा, उलेमा आदि ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर देश और प्रदेश में कई स्थानों पर केक काट काटा गया, वृक्षारोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में मरीजों को फल, बांटे गये। यादव की दीघार्यु के लिए हवन-पूजन के कार्यक्रम किये गये। सभी कार्यक्रमों में अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके शतायु होने और स्वस्थजीवन की कामनाएं की गई। राजपुरोहित पं0 हरिप्रसाद ने स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद गुरूजी उदय प्रताप सिंह ने अखिलेश यादव के शतायु होने की कामना की।

समाजवादी किन्नर सभा की अध्यक्ष पायल सिंह ने अखिलेश यादव की आरती उतारी और दीघार्यु होने की कामना की। चित्रकूट के विधायक अनिल प्रधान ने नेताजी की प्रतिमा भेंट की। सुनील सिंह साजन पूर्व एमएलसी ने बरगद का वृक्ष और जानकी पाल ने पौधा भेंट किया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने गीत संगीत के कार्यक्रम पेश किये।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में व्यक्त की गई शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए कहा कि पीडीए सबको जोड़ता है। यह आरएसएस की लगने वाली शाखाओं का जवाब है। उन्होंने कहा भाजपा की नफरती राजनीति को रोकने का काम समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में किया है।

समाजवादी पार्टी ने देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर नेताजी का सपना पूरा किया है। यादव ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी की जीत भाजपा की तानाशाही और साम्प्रदायिकता की पराजय है। भाजपा ने तीन नए कानून बनाकर नागरिक अधिकारों का हनन कर संविधान पर हमला किया। लोकतंत्र में यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी-पीडीए की संविधान और लोकतंत्र बचाने की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी।

# लोकसभा की तरह विधानसभा में भी अगर चला फार्मूला प्रमोशन पूर्व मेयर - पूर्व पार्षदों की चुनावी उम्मीदें हो सकती हैं रोशन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग जब तारीख घोषित कर देगा लेकिन चुनाव लड़ने वालों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दावेदारों का सबसे बड़ा मेला भाजपा में है। देहात से लेकर शहर वाले टिकट मांग रहे हैं। लाइन पार से लेकर नदिया पार वाले टिकट मांग रहे हैं। लोकसभा वाले टिकट मांग रहे हैं और नगर निगम वाले टिकट मांग रहे हैं।

ऐसे में एक चर्चा ये है कि भाजपा राजनीति में नए प्रयोग कर रही है और उसके ये प्रयोग सफल भी हुए हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अपने सिटिंग सांसद को हटाकर विधानसभा के मौजूदा विधायक को टिकट दिया और ये फामुर्ला सफल हुआ और शहर विधायक अतुल गर्ग लोकसभा सांसद बन गये। अकेले भाजपा ने ऐसा नहीं किया है सपा ने भी कई स्थानों पर किया है और ये प्रमोशन फामुर्ला क्या शहर विधानसभा के उपचुनाव में भी लागू होगा। अगर ये फामुर्ला लागू होता है तो नगर निगम के पास एक नहीं कई चेहरे हैं। जिनमें पूर्व मेयर से लेकर पूर्व पार्षद हैं। इन सभी चेहरों को जन समस्याएं सुनने और सुलझाने का अनुभव है। विकास का अनुभव है और ये चेहरे दावेदारी में हैं। पूर्व मेयर की बात करें तो अशु वर्मा और आशा शर्मा का नाम आता है। ये दोनों खुलकर दावेदारी में नहीं है लेकिन पार्टी आदेश करेगी तो चुनाव लड़ेंगे। सीनियर पार्षद रहे राजेन्द्र त्यागी, अनिल स्वामी, सुनील यादव, मौजूदा पार्षद में राजीव शर्मा चेहरे हैं तो पूर्व पार्षद हिमांशु लव और हिमांशु मित्तल भी अगर ये नया फामुर्ला आता है तो ये सभी चेहरे अपने अपने हिसाब से दावेदारी के फ्रेम में फिट बैठते हैं।

### पार्षद से लेकर मेयर तक का अनुभव है आशा शर्मा को



करंट क्राइम। आशा शर्मा एक ऐसी जनप्रतिनिधि रहीं हैं जिन्हें मौहल्ले के प्रधान से लेकर शहर की प्रथम नागरिक होने का अनुभव है। दो बार निगम पार्षद रहीं हैं और एक बार मेयर रहीं हैं। लोकप्रिय मेयर में गिनती होती है। मूल भाजपाई हैं और वरिष्ठता का गहन अनुभव है। शहर की समस्याओं को जानती हैं, समाधान जानती हैं। मेयर के रूप में सफल कार्यकाल रहा है। स्वच्छता का अवार्ड उन्हीं के मेयर कार्यकाल में आया। संवाद शैली जबरदस्त है और शहर से पुराना नाता है। लाइफ टाइम भाजपाई हैं अगर इस चेहरे को टिकट मिलता है तो विकास की गति बढेंगी और शहरवासियों के लिए एक जाना पहचाना चेहरा है।

### छोटी-सी पारी में शिद्दत से निभाई जिम्मेदारी अशु वर्मा ने



करंट क्राइम। प्रयोग की राजनीति है और ऐसे में अगर पूर्व मेयर को विधानसभा का दायित्व दिया जाता है तो ये एक नया प्रयोग हो सकता है। पूर्व मेयर अशु वर्मा पुराने भाजपाई हैं। तेलूराम काम्बोज के निधन के बाद उन्हें मेयर चुनाव लड़ने का मौका मिला। 17% के मतदान में 40 हजार से भी अधिक वोटों से अशु वर्मा चुनाव जीते और मेयर बने। उनका कार्यकाल लोगों को याद होगा कि छोटी सी पारी में बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम किया। मौको पर खुद गये, निरीक्षण किया। नाले की ईंग से लेकर अलाव की लकड़ी तक उनकी नजर रही है। ईमानदार कार्यकाल रहा है और सबसे बड़ी बात ये है कि मेयर के रूप में उनका व्यवहार बेहद मधुर और सरल रहा है। शिष्ट राजनीति के चेहरे हैं और यहां भाजपा एक प्रयोग कर सकती है।

### पांच बार पार्षद रहकर की है राजेन्द्र त्यागी ने जनसेवा



करंट क्राइम। नगर निगम के कार्यकाल में राजेन्द्र त्यागी एक ऐसा चेहरा हैं जिन्हें नगर निगम का एनसाईक्लोपीडिया कहा जा सकता है। पांच बार पार्षद रहे हैं। मुखर तरीके से अपनी बात रखी है। नगर निगम का कोई ऐसा मुद्दा नहीं बचा जो उन्होंने ना उठाया हो। हिंदी भवन से लेकर आईएमटी कॉलेज तक के मामलों को उन्होंने उठाया है। इस बार उन्हें निगम का टिकट नहीं मिला। समर्पित भाजपाई हैं और अनुभव, ज्ञान तथा भाजपा के प्रति समर्पण अनुभव के साथ इस चेहरे की दावेदारी शहर विधानसभा पर बनती है।

### विकास के विजन के साथ काम किया है अनिल स्वामी ने



करंट क्राइम। अगर भाजपा की राजनीति में अनुभव, समर्पण और ज्ञान की बात की जाये तो अनिल स्वामी ऐसा नाम है जिन्हें इग्नोर नहीं किया जा सकता है। उनके नाम कई अनूठे रिकार्ड हैं। एक मात्र चेहरा है जो नगर पालिका के सभासद से लेकर नगर निगम के पार्षद रहे हैं। निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। मेयर चुनाव में उनकी दावेदारी रही है और हर बार कोई ना कोई कारण ऐसा रहा कि उन्हें अपनी दावेदारी भाजपा के लिए वापस लेनी पड़ी। कभी वरिष्ठा का नाम आ गया कभी सीट ओबीसी हो गई। जब तैयारी करी तो सीट महिला हो गई। अनिल स्वामी नगर निगम एक्ट के बड़े जानकार माने जाते हैं। सियासत के बड़े दरबारों से लेकर नगर के गली मौहल्लों तक उनकी पहचान है। बेबाक तरीके से अपनी बात रखते हैं। एक लंबा समय नगर निगम में गुजारा है। ये चेहरा शहर विधानसभा का दावेदार हो सकता है।

### लगातार जीत के साथ शहर की राजनीति का लोकप्रिय चेहरा राजीव शर्मा



करंट क्राइम। राजीव शर्मा शहर की राजनीति के उन चेहरों में है जिन्होंने अपनी सियासी जमीन खुद तैयार की है। लोकप्रिय चेहरों में गिनती होती है और एक ऐसे नेता जिन्होंने अपने वार्ड को देश भक्ति वाले वार्ड की पहचान दी है। ब्राह्मण समाज के नेता है और पंजाबी समाज का भी चेहरा हैं। डायरेक्ट या इनडायरेक्ट चार बार से सांसद हैं। उनकी टीआरपी का ये आलम है कि वो चुनाव भाजपा से लड़ते हैं और बूथ पर वोट उन्हें मुस्लिमों के भी मिलते हैं। विधानसभा उपचुनाव में अगर प्रमोशन फामुर्ला है तो मौजूदा समय में निगम कार्यकाराणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा शहर से एक मजबूत चेहरा हो सकते हैं। शहर की राजनीति की नब्ज जानते हैं। लाइनपार से लेकर शहर तक संबंधों का एक नेटवर्क है। अपने व्यवहार से काम कराना जानते हैं। विकास की पूरी समझ रखते हैं अगर ब्राह्मण कार्ड की बात है पंजाबी कार्ड की बात है तो राजीव शर्मा का चेहरा भी एक मजबूत दावेदारी रखता है।

### लाइन पार की होगी बात तो सुनील यादव का आयेगा नाम



करंट क्राइम। चुनाव के समय अक्सर लाइन पार का नारा बुलंद होता है। लाइन पार की एक बड़ी आबादी इस बात की मांग हमेशा से करती रही है कि जब बड़ा वोट बैंक उनका है तो उनकी टिकट में हिस्से दारी होनी चाहिए। निगम से प्रमोशन फामुर्ला की बात है तो लाइनपार के चेहरे के रूप में पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के रूप में सुनील यादव का नाम भी आता है। सुनील यादव सबसे लंबे कार्यकाल तक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। भाजपा के समर्पित चेहरों में गिने जाते हैं। भाजपा ज्वाईनिंग अभियान के सूत्रधार रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पूरी तरह एक्टिव होकर काम किया है। निगम का पूरा अनुभव उनके पास है। लाइन पार क्षेत्र से आते हैं और विधानसभा दावेदारी में मजबूत नाम माना जाता है।

### हिमांशु लव भी हो सकते हैं बेहतर विकल्प



करंट क्राइम। नगर निगम की बात है, पंजाबी समाज की बात है तो पूर्व पार्षद हिमांशु लव भी एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं। परिवार का पूरा शिजरा संघ और भाजपा का रहा है। दिवंगत कवि श्रीकृष्ण मित्र के सुपुत्र हिमांशु लव निगम पार्षद रहे हैं। अपने कार्यकाल में सफाई रिक्शा से लेकर सफाई कर्मियों के सम्मान तक हिमांशु लव का जलवा दिखाई देता है। बेबाक तरीके से अपनी बात रखते हैं। शहरहित में सुझाव देते हैं और जीडीए वीसी से लेकर मेयर तक को पत्र लिखते हैं। विधानसभा की दावेदारी में पंजाबी समाज का ये चेहरा अपनी मजबूत दखल रखता है।

### वैश्य चेहरों में आता है हिमांशु मित्तल का भी नाम



करंट क्राइम। हिमांशु मित्तल भाजपा पार्षद रहे हैं, जीडीए बोर्ड सदस्य रहे हैं। उनकी पत्नी मोनिका मित्तल पार्षद रही हैं। इस बार उन्हें नगर निगम पार्षद का टिकट नहीं मिला। निगम एक्ट के जानकार हैं और बड़ी बात ये है कि हज हाऊस से लेकर शमशान घाट तक और अस्पतालों के कूड़ा निस्तारण से लेकर एसटीपी प्लांट तक वो आवाज उठाते हैं। हाइकोर्ट तक जनहित के मुद्दो को लेकर जाते हैं। वैश्य समाज के कुलीन और प्रतिष्ठित चेहरे माने जाते हैं। विधानसभा उपचुनाव की दावेदारी में वैश्य फैक्टर में इस नाम को भी इग्नोर नहीं किया जा सकता है। उपचुनाव को लेकर दावेदारी कर भी रहे हैं।

## गाजियाबाद बार चुनाव को लेकर घमासान जारी

### डेट फाइनल होने को लेकर लैटर आए सामने




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर लगातार घमासान जारी है। पहले जुलाई के प्रथम सप्ताह में चुनाव को लेकर रणनीति बनी थी, लेकिन सूत्रों ने बता रहे हैं कि सोमवार को बार अध्यक्ष ने एक आम सभा अपनी अध्यक्षता में आयोजित की। जिसके बाद कार्यक्रम जारी कर दिया गया जिसमें 2 से लेकर 12 जुलाई तक का कार्यक्रम जारी किया गया। जब यह जानकारी बार सचिव स्नेह त्यागी को हुई तो उन्होंने इस पर असहमति व्यक्त की और उन्होंने मंगलवार को फिर बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि बार चुनाव की डेट को लेकर अभी कोई सहमति नहीं बन पाई है।

सूत्रों से जानकारी मिली है उसके अनुसार सोमवार को बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची प्रकाशन, आपत्ती निवारण, नामांकन की तिथि, नाम वापसी, फॉर्म की जांच, प्रत्याशियों की सूची, मतदान की तिथि और परिणाम को लेकर पूरा प्लान बनाया गया था लेकिन असहमति होने की वजह से मंगलवार को इसमें फिर चर्चा हो सकती है। उधर सूत्र बता रहे हैं की बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव को लेकर अधिवक्ता कांवड़ यात्रा के बाद कराने पर जोर दे रहे हैं लेकिन कुछ पदाधिकारी इसे समय पर कराने के लिए अड़े हुए हैं। हालांकि पुलिस और प्रशासन की तरफ से अभी बार चुनाव की अंतिम तिथि तय नहीं हो पाने की जानकारी दी गई है।

#### बड़ी संख्या में अधिवक्ता करते हैं मतदान

करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन के मतदान को लेकर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान करते हैं। कई दिनों तक चुनाव प्रचार और अभियान चलता है और मतदान के बाद देर रात तक परिणाम जारी किए जाते हैं। जिसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल और अधिकारियों की देखरेख भी देखने को मिलती है।

## निगम के बुल्डोजर से आहत हैं भाजपा के देवतुल्य फूल

### अधिकारी का कहना हमने काम किया है एज पर रूल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जब सरकार होती है तो कई काम बिना कहे भी अंडरस्टुड वाली श्रेणी में आते हैं। जब बसपा की सरकार होती थी तो थानेदार भी तहरीर लेने से पहले इस बात की तस्दीक करता था कि आरोपी व्यक्ति मुख्यमंत्री के समाज का क्यों नहीं है। यदि ऐसा होता था तो पूरी जांच पड़ताल के बाद ही तहरीर मुकदमें के रूप में दर्ज हो पाती थी। सपा सरकारों में सबको पता है कि कौन सी बिरादरी सबसे ज्यादा पॉवरफुल मानी जाती है और इन सरकारों में कार्यकताओं से आमतौर पर अधिकारी नहीं उलझते थे। इनके नेता थाने चौकी से लेकर तहसील तक लोगों की समस्याओं को लेकर जाते भी थे। लेकिन भाजपा सरकार में ये तकरार सरकार आने के पहले दिन से रही है कि अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। पहली पारी में जब भी कोई पदाधिकारी गाजियाबाद आये और कार्यकताओं की पीड़ा पूछी तो एक सुर में सभी ने यही कहा कि अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सरकार पहली पारी से दूसरी पारी में आ गई। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना से असीम अरूण आ गये। लेकिन अधिकारी नहीं सुन रहे हैं वाली गुहार अब भी जारी है। विधानसभा वालों की पीड़ा ये है कि अधिकारी नहीं सुन रहे और भाजपा के कार्यकताओं की पीड़ा ये है कि उनके बाजारों में उनके रोजगार पर निगम का बुल्डोजर गरज रहा है।



कमाल ये है कि ये बुल्डोजर उन इलाकों में उन बाजारों में आ रहा है जहां भाजपा के पार्षद जीते हैं और बुल्डोजर का निशाना भी भाजपा वालों के प्रतिष्ठान बन रहे हैं। बीते दिनों तुराब नगर में निगम का बुल्डोजर आ गया। तोड़ फोड़ भी हुई, ये बाजार भाजपा पार्षद के वार्ड मे आता है। इस बाजार में व्यापार मंडल के अध्यक्ष भाजपा के भी पदाधिकारी हैं। बाजार को भाजपा बाजार कहा जाता है लेकिन यहां बुल्डोजर का पीला पंजा केसरिया वालों की दुकान पर चला।

लाइन पार में भाजपा कार्यकर्ता कुंजन पंडित का दर्द ये है कि निगम को केवल हमारा ही शटर दिखाई दिया। तीन दुकान इधर और तीन दुकान इधर कुछ नहीं हुआ। ये कहानी और भी वार्डों की है और स्टोरी में ट्विस्ट ये है कि दूसरे दलों के पार्षद वालों के वार्ड शांत है और भाजपा वालों के वार्ड में ही ये अशांति हैं।

# बाढ़ के समय जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता अलर्ट मोड में रहें सभी जिले: सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 7 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है।

विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फरुर्खाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर,



रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं।

अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। उन्होंन कहा कि मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़

### बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24 घंटे सक्रिय रहें

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24.7 एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें।

बुलेटिन और मौसम का पूवार्नुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। केंद्रीय एजेंसियों और विभागों से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें।

यहां से प्राप्त आंकलन और अनुमान रिपोर्ट समय से फील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। नदी के किनारे बसे आवासीय इलाकों और खेती की सुरक्षा में नदियों का चैनेलाइजेशन उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अम्बेडकर नगर, बलरामपुर, बाराबंकी, सीतापुर और श्रावस्ती में जारी ड्रेनेज एवं चैनेलाइजेशन की परियोजनाओं को समय से पूरा कराएं। जो सिल्ट निकले उसका सदुपयोग किया जाए। बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति पर रेग्युलर मॉनीटरिंग की जाती रहे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24.7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा मित्र स्वयंसेवकों के साथ-साथ होमगार्डों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। किसकी तैनाती कब और कहां होनी है, इस बारे में कार्ययोजना तैयार कर लें। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन होना चाहिए। नौकाएं और राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। नौका बड़ी हो। छोटी नौका और डोंगी का प्रयोग कतई न हो। नौका सवार सभी लोग लाइफ जैकेट जरूर पहने हुए हों। बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है।

ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दिया जाए। क्लोरीन टैबलेट, ओआरएस आदि की उपलब्धता होनी चाहिए। बुखार आदि की पर्याप्त दवा उपलब्ध हो। सर्प दंश की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सकीय मदद मिलनी चाहिए। बाढ़ के दौरान जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनेगी, वहां पशुओं की सुरक्षा के भी प्रबंध होने चाहिए। उचित होगा कि बाढ़ के समय पशुओं को अन्यत्र कहीं सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। निराश्रित गोआश्रय स्थलों में पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# सीएम केजरीवाल ने फिर खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

## सीबीआई की गिरफ्तारी को बताया गैर-कानूनी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में सीबीआई की गिरफ्तारी को अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई रिमांड को चुनौती दी है।



### राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

बीती 29 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड खत्म होने के बाद 29 को फिर पेश किया गया।

इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। तभी से केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### सांसद संजय सिंह ने पीएम मोदी को घेरा

आप सांसद संजय सिंह ने सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने सीएम को गिरफ्तार किया है। संजय सिंह ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। वो दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम कर रही है। ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई मनी ट्रेल नहीं है, कोई सबूत नहीं है, कोई पैसे की रिकवरी नहीं है और इसलिए अरविंद केजरीवाल निर्दोष हैं। अरविंद केजरीवाल को केंद्र सरकार, पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया।

# वही तारीख, वही तरीका... 6 साल बाद दिल्ली के बुराड़ी की तरह एमपी में फंदे से लटके मिले एक ही परिवार के 5 लोग

**मध्यप्रदेश।** अलीराजपुर जिले स्थित रावडी गांव के एक घर में पांच शव फांसी के फंदे से लटके मिले, यह हत्या का मामला है या सामूहिक आत्महत्या? फिलहाल पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी हुई है। मृतकों के घर के बाहर पुलिस और लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर में एक घर के भीतर पांच लोगों के शव फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाए जाने से हड़कंप मच गया। पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव मिलने की सूचना पर जिले के एसपी राजेश व्यास मौके पर पहुंचे। यह हत्या है या सामूहिक आत्महत्या? एफएसएल और पोस्टमार्टम






रिपोर्ट के बाद ही खुलासा होगा। पुलिस अब एफएसएल टीम का इंतजार कर रही है।

खास बात यह है कि इस घटना ने 1 जुलाई 2018 को दिल्ली के बुराड़ी में हुई घटना को याद दिला दिया है। अलीराजपुर जिले के सोंडवा थाने इलाके के रावडी गांव की यह घटना है। मृतकों में घर का मुखिया राकेश, उसकी पत्नी ललिता और बेटी लक्ष्मी, दो बेटे अक्षय और प्रकाश शामिल हैं। रिश्ते के लोगों ने पूरे परिवार की हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### फंदे से लटके हुए मिले शव?

बता दें कि दिल्ली के बुराड़ी के मास सुसाइड केस ने पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था. आज यानी 1 जुलाई को इस कांड को पूरे 6 साल बीत चुके हैं। 30 जून 2018 की देर रात 12 बजे से एक बजे के करीब चुंडावत परिवार (जिसे भाटिया परिवार के रूप में भी जाना जाता था) के 11 लोगों ने आत्महत्या कर ली थी। दस लोग फांसी पर लटके पाए गए, जबकि परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य दादी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। 1 जुलाई 2018 को मौत के बाद सुबह-सुबह उनके शव घर से बरामद किए गए थे। बुराड़ी केस में दावा किया गया कि



बुराड़ी का मृतक परिवार( फाइल फोटो)

परिवार के मुखिया ललित भाटिया ने जादू-टोने के वशीभूत होकर पूरे परिवार को सामूहिक आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था। 11 मौतों को मनोविकृति से प्रेरित माना गया।

# धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र, गरिमा बरकरार रहनी चाहिए : ज्ञानी हरप्रीत सिंह



**अमृतसर।** हाल ही में श्री हरमंदिर साहिब की परिक्रमा में गुजरात की एक लड़की द्वारा योग करने के बाद पैदा हुए विवाद पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने बयान जारी कर कहा कि श्री हरमंदिर साहिब समेत अन्य धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र हैं, पिकनिक स्पॉट नहीं, इसलिए धार्मिक स्थलों की गरिमा बरकरार रहनी चाहिए। अकाली दल के बागी सदस्यों को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों में नाराजगी है तो उन्हें मिल बैठकर उसे दूर करना चाहिए, बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। अकाली दल के प्रधान की कमान संभालने की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि मेरे पास अभी तक कोई नेता नहीं आया है। अगर कुछ नेता आते हैं तो इस पर विचार किया जा सकता है। अमृतपाल सिंह के सांसद पद की शपथ न लेने पर कहा कि भारत में एनएसए के मामले में दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। हरियाणा की ओर से की जा रही पानी की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब की नदियों में पानी कम हो रहा है। पंजाब के पास अपने लिए ही कम पानी है।

# शिव मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में रियासी बंद

**जम्मू।** प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए मिनी सचिवालय तक पहुंचे जहां पर मुख्य चौक पर धरना दिया गया। लोगों में व्याप्त रोष पनपा हुआ है जिस का पूरा असर जिला की सभी इलाकों में देखने को मिला। जम्मू संभाग के जिला रियासी के धरमाड़ी में शिव मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर लोगों में रोष है। इसके विरोध में सनातन धर्म सभा की तरफ से रियासी मुख्यालय व आसपास के इलाकों में बंद का आह्वान किया गया, जिसका व्यापक असर दिखा। सभी प्रकार की दुकानें बंद रहने के साथ ही पूर्ण रूप से चक्का जाम भी रहा। इससे यात्रियों को कुछ परेशानी भी उठानी पड़ी। वहीं, पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक 20 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सोमवार सुबह सवेरे ही सड़कों पर उतर आए। नगर की तरफ आने वाले सभी मुख्य चौक-चौराहों को बंद कर दिया गया। अलग-अलग जगह पर



टायर जला कर रोष जताया गया। पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। युवाओं के दल ने बाइक पर सवार होकर नारेबाजी की।

दुकानों के बंद रहने के कारण बाजार पूरी तरह से खाली रहे। इसके अलावा केंद्रीय विद्यालय ज्योतिपुरम जाने वाली विधार्थियों की बस को भी वापिस भेज दिया गया। सभी विद्यार्थियों को घर जाने की अपील की गई। सुबह ग्यारह बजे सभी लोग नगर के स्थानीय जनाना पार्क में इकट्ठा हुए, जहां पर हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई बाद में एक रोष रैली निकाली गई। मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। गौरतलब है कि शनिवार शाम को धर्माड़ी इलाके में स्थित मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया था ।पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की और अपराधियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। रविवार तक 12 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को तीन और संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए लोगों की कुल संख्या 20 पहुंच गई है। रियासी के डिप्टी कमिश्नर विशेष पॉल महाजन ने प्रदर्शन स्थल का दौरा किया और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने लोगों से शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले को सुलझाने और दोषियों का जल्द से जल्द पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा 'मामले में शामिल पाए जाने वालों पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# अफजाल अंसारी ने सांसद पद की ली शपथ

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की गाजीपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी ने सोमवार को संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। अफजाल अंसारी को स्पीकर ओम बिरला ने अपने संसदीय कार्यालय में संसद सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। लोकसभा में हाल ही में हुए शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अफजाल अंसारी शपथ नहीं ले पाए थे। दरअसल, गैंगस्टर केस में अफजाल अंसारी को कोर्ट ने चार साल की सजा सुनाई थी। अदालत के इस आदेश के बाद अफजाल अंसारी की लोकसभा सदस्यता चली गई थी। कोर्ट के फैसले



के खिलाफ वह सुप्रीम पहुंचे, जहां उन्हें राहत मिली। इसके बाद पिछले साल 14 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सदस्यता बहाल कराई। सुप्रीम कोर्ट ने अफजाल अंसारी की सदस्यता तो बहाल करा दी, लेकिन कुछ पाबंदियां भी लगा दीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, अफजाल अंसारी सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो सकते।

कोर्ट के आदेश को आधार बनाकर उन्हें शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया, लेकिन अब उन्हें अलग से शपथ दिलाई गई। बता दें कि अफजाल अंसारी ने गाजीपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने भाजपा के पारसनाथ राय को करारी शिकस्त दी है। अफजाल अंसारी ने भाजपा के पारस नाथ राय को करीब 1.25 लाख वोटों से हराया था।

# लोकसभा में राहुल गांधी के 'हिंदू' पर दिए बयान पर हंगामा, पीएम मोदी-अमित शाह ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। दरअसल, राहुल ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं। इसे लेकर सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। खुद पीएम मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसा से जोड़ना ठीक नहीं है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### क्या बोले थे राहुल गांधी?

राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए।

### अमित शाह ने क्या जवाब दिया?

राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा, शोरशराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने



कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं, हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना और इस सदन में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने।

मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए। शाह ने आगे कहा, मैं उनको एक गुजारिश भी करना चाहता हूं कि इस्लाम में अभयमुद्रा, इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार वो ले लें। गुरुनानक साहब की अभयमुद्रा पर एसजीपीसी का मत वो ले लें। अभय की बात इनको करने का कोई हक नहीं है। आपातकाल में पूरे देश को इन्होंने भयभीत किया है।



### क्या बोले पीएम मोदी?

पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है।

# आतिशी ने अधिकारियों से कहा, बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या का समाधान निकालें

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलजमाव को रोकने के लिए सरकार की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और एमसीडी मेयर शैली ओबेरॉय ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अधिकारियों के साथ हालात का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।28 जून को दिल्ली में सर्वाधिक 288 एमएम बारिश हुई थी। तब पूरी दिल्ली और एनसीआर पानी-पानी हो गया था। अब आने वाले तीन दिनों तक मौसम विभाग ने लगातार बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। इस अलर्ट को देखते हुए सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आईटीओ स्थित एमसीडी के ड्रेन नंबर 12 का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेयर शैली ओबेरॉय, मुख्य सचिव सहित एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, शहरी विकास और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि एमसीडी की ड्रेन संख्या 12 सेंट्रल दिल्ली से पानी को यमुना तक पहुंचाने का काम करती है। 28 जून को दिल्ली में 24 घंटे में ही 288 मिलीमीटर की अप्रत्याशित बारिश हुई थी। सामान्य समय में पूरे मानसून के



दौरान दिल्ली में 800 मिमी बारिश होती है। लेकिन, इस बार मात्र 24 घंटे में ही पूरे मानसून की लगभग एक चौथाई बारिश हो गई।

इस अप्रत्याशित बारिश से ड्रेन नंबर 12 ओवरफ्लो हुआ और इससे आईटीओ चौक के आसपास जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं हो, इसको लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबेरॉय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आईटीओ चौक से नाले के आउटफॉल तक इसके एक बड़े हिस्से का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या का समाधान निकालें। मेयर शैली ओबेरॉय ने भी कहा कि आईटीओ चौक और इसके आसपास की सड़कें दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल हैं। यहां जलजमाव नहीं हो, इसके लिए सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे और जलभराव को रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे।

# मानहानि के मामले में मेधा पाटकर को पांच महीने कारावास की सजा



**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने नर्मदा बचाओ आंदोलन कार्यकर्ता मेधा पाटकर को पांच महीने की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह कोर्ट के फैसले को चुनौती देंगी। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने नर्मदा बचाओ आंदोलन कार्यकर्ता मेधा पाटकर को पांच महीने की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। यहा सजा उन्हें तत्कालीन केवीआईसी अध्यक्ष वीके सक्सेना (अब दिल्ली के उपराज्यपाल) द्वारा दायर मानहानि मामले में सुनाई गई है। कोर्ट ने मेधा पाटकर को वीके सक्सेना को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। वहीं, मेधा पाटकर का कहना है, सच्चाई को कभी हराया नहीं जा सकता...हमने किसी को बदनाम करने की कोशिश नहीं की है। हम सिर्फ अपना काम करते हैं...हम कोर्ट के फैसले को चुनौती देंगे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 ● नई दिल्ली।। मंगलवार 02 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# तीन नए कानून से मिलेगी अपराधियों को जल्द व सख्त सजा

## सालों बाद मिली है अंग्रेजी कानून से छुट्टी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिसिंग और न्याय व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से पूरे देश में प्रभावी हो गए हैं।



इसके साथ ही ब्रिटिश शासनकाल से प्रभावी रही भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 के साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस थानों में नए कानून को प्रभावी किए जाने के पूर्व पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया, जो कार्य पूरा हो चुका है। एक जुलाई से कमिश्नरेट के सभी जोन पर आम जनता को नए कानून की जानकारी देने को पाठशाला लगाई गई है।





### अब पहले से अधिक डिजिटली होंगे साक्ष्य और पड़ताल : एडिशनल सीपी

वहीं हिंदी भवन में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी मुकेश मिश्रा व रवि गुप्ता द्वारा नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वन पर पुलिस के अधिकारियों के सामने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही नए कानून लागू होने पर प्रावधानों, प्रक्रियाओं के विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जीरो-एफआईआर और ई-एफआईआर के बारे में भी इस दौरान जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने किया। इस मौके पर मंचासीन अधिकारियों के रुप में एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल रहीं।

### सिटी जोन के सभी थाना प्रभारी रहे मौजूद, बांटी गई नए काननू की बुकलेट

करंट क्राइम : हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में थाना कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, एसओ मधुबन बापूधाम रविश कुमार शर्मा, एसएचओ सिहानी गेट रविंद्र, एएचओ नंदग्राम धर्मापाल सिंह, एसएचओ कोतवाली रवि बालियान व एसएचओ विजय नगर बृजेश सिंह, महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी मौजूद रहीं। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित कर तीनों नए आपराधिक कानून की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई। इसी के साथ बुकलेट व अन्य प्रचार सामग्री भेंट की गई। साथ ही बड़े बदलावों पर तैयार एक पुस्तिका भी नागरिकों को दी। नए कानून लागू होने पर विभिन्न अपराध दर्ज करने की धाराएं और न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा।



### हर घटना पर वैज्ञानिक स्तर पर संकलित होंगे साक्ष्य : डीसीपी



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा है कि नया कानून लागू होने पर सबसे बड़ा बदलाव होगा कि पुलिस जांच पदाधिकारियों की जांच व अनुसंधान का तरीका बदलेगा। डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे गंभीर अपराध के घटनास्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए जा सकेंगे। घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर जोर रहेगा। अपराध में मोबाइल फोन, इंटरनेट मीडिया, इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को शामिल करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में पेश करने होंगे। खास कर साइबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई हो सकेगी।

### एफआईआर डाउनलोड की रहेगी सुविधा

करंट क्राइम : एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल ने बताया है कि पुलिस के एससीआरबी वेबसाइट पर एफआईआर डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें शीघ्र ही गुम हुई संपत्ति, लापता व्यक्ति, घरेलू सहायक, ड्राइवर, का पूर्व चरित्र सत्यापन, वरिष्ठ नागरिक का रजिस्ट्रेशन व किरायेदार का पूर्व चरित्र सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं ऑनलाइन होंगी। पुलिस की वेबसाइट पर तीनों आपराधिक कानून हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध होंगे।




### घर से करें ई-मेल पर थानों को शिकायत



करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने बताया कि डिजिटल पुलिसिंग का फायदा है कि आमजन ई-मेल से भी थानों को अपनी शिकायत भेज सकेंगे। इसके लिए पुलिस की वेबसाइट पर राज्य के सभी थानों के नंबर एवं ई-मेल की जानकारी दी गई है। नए कानून में वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन पर जोर से सिर्फ बयान के आधार पर गलत दोषारोपण पर रोक लगेगी। पूरे प्रदेश में गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति के फिंगरप्रिंट डाटाबेस में दर्ज किए जाएंगे। घटनास्थल पर मिलने वाले फिंगरप्रिंट का त्वरित मिलान पूरे देश में गिरफ्तारै व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट डाटाबेस से किया जा सकेगा।

### लिंक रोड थाने में दर्ज हुई कमिश्नरेट की पहली नए कानून की एफआईआर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में भारतीय न्याय संहिता के तहत पहली एफआईआर थाना लिंक रोड में दर्ज हुई है। इसमें जिम ट्रेनर पर मारपीट करने का आरोप है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके पूरा घटनाक्रम बताया। पुलिस ने टेलीफोनिक सूचना के आधार पर ही ये मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। लिंक रोड थाना क्षेत्र में बृजविहार निवासी साहिल वर्मा ने सोमवार को थाने के सीयूजी नंबर पर कॉल किया। साहिल ने बताया कि करावल नगर दिल्ली निवासी जिम ट्रेनर रवि कुमार ने मेरे साथ मारपीट की है। ये मारपीट सूर्यनगर के रिफाइनरी फिटनेस जिम के अंदर की गई है। दोनों पक्षों के बीच रुपयों का लेनदेन चल रहा है। इस टेलीफोनिक सूचना के आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर राजीव कुमार ने आरोपी जिम ट्रेनर रवि कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा- 115(2), 352, 351(2)(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमे की जांच सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह चौहान को दी गई है। इसके अलावा गाजियाबाद के ज्यादातर थानों में 30 जून की रात 12 बजे के बाद दर्ज हुए मुकदमे भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत ही दर्ज किए गए हैं। जबकि आदेश थे कि एक जुलाई तारीख लगते ही सभी मुकदमे नए कानून से दर्ज किए जाएंगे।

# महापौर व नगर आयुक्त ने पौधरोपण से किया वन महोत्सव का शुभारंभ

## निगम एक सप्ताह में लगाएगा एक लाख से अधिक पौधे

## स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरी : महापौर

## फलदार तथा औषधि के पौधों को अधिक संख्या में करें शामिल : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को कविनगर जोन के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क से नगर निगम द्वारा आयोजित वन महोत्सव का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पौधरोपण कर किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा वृहद स्तर पर वन महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज ने बताया कि निगम सप्ताह में 1 लाख से अधिक पौधे अपने सीमा क्षेत्र में लगायेगा।



### एक लाख 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**करंट क्राइम।** डॉ. अनुज ने बताया कि नगर निगम द्वारा अधिक से अधिक पौधरोपण की तैयारी की गई है जिसमें उद्यान विभाग की समस्त टीम लगी हुई है। पार्कों के साथ-साथ ऐसे सार्वजनिक स्थान भी चुने गए हैं जहां पर पौध लगाई जा सकती हैं वहां पर जन सहयोग से पौधरोपण किया जा रहा है। वन महोत्सव के क्रम में पूरे सप्ताह अधिक से अधिक पौधरोपण का कार्य किया जाएगा जिसमें लक्ष्य को पूरा करते हुए 1 लाख 20 हजार पौध लगाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। आज 1 जुलाई को वन महोत्सव सप्ताह के शुभारंभ में लगभग 9000 से अधिक पौध का रोपण शहर में किया गया है।




### महापौर ने बेलपत्र का पौधा रोपा

करंट क्राइम। महापौर ने सोमवार के दिन बेलपत्र का पौधा लगाया गया। साथ ही शहरवासियों को पर्यावरण बनाए रखने के लिए पौधरोपण करने का संदेश दिया। महापौर ने बताया कि नगर निगम के पार्षद व शहर के निवासी, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी उत्साह पूर्वक पौधरोपण कर रहे हैं तथा एक पौधा मां के नाम अभियान में शामिल हो रहे हैं।






### नगर आयुक्त ने लगाया आम का पौधा

करंट क्राइम। पौधरोपण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा आम का पौधा लगाया गया तथा शहरवासियों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौध लगाने के लिए प्रेरित किया। शहर के पांचों जोन में पौधरोपण का कार्य अभियान के रूप में किया गया क्षेत्रीय पार्षदों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। नगर आयुक्त द्वारा उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज को पौधरोपण के समय अधिक से अधिक संख्या में फलदार पौधे तथा औषधि वाले पौधों की शामिल करने के निर्देश दिए गए, जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आंवला का पौधा, नीम का पौधा, छाया हेतु शीशम पीपल बरगद की पौध को शामिल किया गया है तथा फलदार वृक्ष के लिए शहतूत आम अमरूद जामुन की पौध भी लगाई जा रही है।

# चौकी से चंद कदमों की दूरी पर दिनदहाड़े हुई कार लूट का एक घंटे में कविनगर पुलिस ने किया खुलासा

## जीपीआरएस को ट्रैक कर पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली राजनगर सेक्टर-09 चौकी से चंद कदमों की दूरी पर दिनदहाड़े बदमाश ने चाकू दिखाकर प्राइवेट कंपनी कर्मचारी सुनील चौहान की स्विफ्ट डिजायर कार लूट ली।

लुटेरा कार लेकर मेरठ रोड की तरफ जा रहा था। कार का जीपीएस सिस्टम ऑन था, पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आरोपी को लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया।



### पुलिस के नए कानून के तहत ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड की गई वीडियो और फोटोग्राफ

पकड़ा गया आरोपी पहले भी हत्या, हत्या के प्रयास ,लूट, अवैध हथियार व डकैती के मामले में जेल जा चुका है।

उस पर सात गंभीर धाराओं के पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार और आरोपी का चाकू बरामद किया है। साथ ही एक जुलाई से लागू हुए नए कानून के तहत पुलिस ने लूट का मुकदमा धारा-309 के सेक्शन 4 के तहत दर्ज किया है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि इस मामले में पुलिस ने ई-साक्ष्य ऐप में घटना के खुलासे से संबंधित सभी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी अपलोड की है। साथ ही नई कानून थीम के तहत इसकी संपूर्ण कार्रवाई की गई है।



### लूट की सूचना पर अलर्ट हो गई थी थाने और एसएचओ की टीम

**करंट क्राइम :** सुनील चौहान ने करीब 11 बजे के आसपास पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी कि राजनगर सेक्टर-9 में पुलिस चौकी से थोड़ी दूरी पर चाकू दिखाकर एक बदमाश ने उनकी स्विफ्ट कार लूट ली है। सूचना मिलते ही एसीपी ने थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक और थाने की टीम को सूचना दी। साथ ही चौकी प्रभारी सेक्टर-09 विनीत चौधरी को भी घटना के खुलासे के लिए लगा दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को मेरठ रोड इलाके में घेरने का प्लान बनाया तो वह पुलिस को चकमा देकर आईएमटी कॉलेज आवासीय कैंपस मेरठ रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को नए कानून के तहत सभी साक्ष्य संकलन के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### लुटेरे पर दर्ज हैं 07 गंभीर धाराओं के मुकदमे , पहले भी कर चुका है हत्या

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि पकड़ा गया राजचैतन त्यागी निवासी कांधला थाना सरधना मेरठ का रहने वाला है।




इसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास है। यह आम्स एक्ट के दो मुकदमों, अपहरण करने, हत्या के साथ ही जनपद मेरठ में आक्स एक्ट के एक मुकदमे, डकैती के मुकदमा व हत्या के प्रयास के मुकदमें दर्ज हैं। बताया गया है कि यह सोमवार को भी कार लूटकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने जीपीआरएस सिस्टम स्विफ्ट डिजायर का ऑन होने की वजह से आरोपी राज चैतन त्यागी को कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय

# बादशाहत कायम रहे

कहते हैं कि हौसला और सब्र कायम रहे तो हारी हुई बाजी को भी जीत में तब्दील किया जा सकता है। बारबाडोस में टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर जो जीत दर्ज की, वह मौजूदा क्रिकेट की दुनिया की एक बड़ी उपलब्धि तो है ही, मगर इस खिताब को हासिल करने के क्रम में मैदान में जिस तरह का रोमांच पैदा हुआ, उसने भारत के लिए इस जीत को बेहद अहम और यादगार बना दिया। दरअसल, मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने अपने दमखम के जरिए एक दूसरे पर हावी होने की हर स्तर पर कोशिश की।
कभी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारी पड़ती दिखी तो कभी भारत की टीम जीत के करीब दिखी। अपनी पारी में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने एक मजबूत चुनौती रखी थी। हालांकि अतीत में दक्षिण अफ्रीका की टीम के प्रदर्शन को देखते हुए इस लक्ष्य को बहुत मुश्किल काम नहीं माना जा रहा था और एक समय वह जीत के बेहद करीब पहुंच भी गई थी, मगर अंतिम पांच ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी।
यों बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तक के मामले में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के आखिरी दौर में भारत ने मैदान में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर पूरा जोर लगा दिया और एक तरह से हाथ से छूटती बाजी को दक्षिण अफ्रीका से आखिरकार छीन लिया। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीस ओवरों के मैच में पंद्रह ओवर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने जैसी पकड़ बना रखी थी, उसमें उसे रोक पाना एक मुश्किल चुनौती थी।
मगर यह कहा जा सकता है कि इस मैच के आखिरी ओवरों में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के मामले में जैसा प्रदर्शन किया, उसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदों से एक ओर विपक्षी टीम के हाथ बांध दिए, दूसरी ओर उनके मजबूत खिलाड़ियों को मैदान बाहर भी भेज दिया। इसमें हार्दिक की गेंद पर मिलर के छक्का मारने की कोशिश को सीमा रेखा पर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह शानदार और यादगार कैच पकड़ कर रोका, उसने मैच की बाजी पलट दी।
गौरतलब है कि टी-20 में यह दूसरा मौका है, जब भारत ने खिताबी जीत हासिल की है और जाहिर है इसके साथ ही एक तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय दावेदारी एक बार फिर पुष्ट हुई है। मगर इस मैच के साथ ही टी-20 के इस प्रारूप में भारत के मजबूत स्तंभों- विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी। अब ये तीनों खिलाड़ी इसके अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में मैदान में नहीं दिखेंगे, मगर उनसे प्रेरणा हासिल कर एक नई पीढ़ी विश्व क्रिकेट के इस मोर्चे पर उतरेगी। विराट कोहली ने अपने संन्यास की घोषणा के मौके पर कहा भी कि अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी टी-20 मैचों में भारत को आगे ले जाएं। बहरहाल, इस खिताबी जीत के साथ भारत ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह आज भी क्रिकेट की दुनिया में बादशाहत का रुतबा रखता है और मैच में रोमांच और उत्तेजना बनाए रखते हुए जीत को अपने हिस्से कर सकता है।


# जून में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई बढ़ा

## नियुक्तियां 19 साल के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारत में बढ़ती कंज्यूमर मांग के कारण मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में जून में तेजी देखने को मिली और इसके कारण नियुक्तियों की दर में 19 वर्ष में सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है। सोमवार को जारी किए गए एचएसबीसी के फाइनल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इन आंकड़ों को एसएंडपी द्वारा संकलित किया गया था। एचएसबीसी की ग्लोबल इकोनॉमिस्ट मैत्रेयी दास ने कहा, भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर जून तिमाही में काफी अच्छी रही है। हेडलाइन मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह जून में 58.3 रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि कंज्यूमर गुड्स इंडस्ट्रीज का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है। वहीं, इंटरमीडिएट और इन्वेस्टमेंट गुड्स कैटेगरी में भी अच्छी बढ़ोतरी देखी गई है। सर्वे में 400 कंपनियों की ओर से दी गई प्रतिक्रियाओं के आधार पर बताया गया कि एक्सपोर्ट में वृद्धि दर पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अच्छी रहने की संभावना है। एशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, यूरोप और यूएस से आने वाले नए ऑर्डर में बढ़त हुई है। दास ने कहा कि इनपुट की महंगाई दर अभी भी लंबी अवधि के एवरेज से ऊपर बनी हुई है। हालांकि, मैन्युफैक्चरर्स ऊंची लागत को आसानी से ग्राहकों पर डाल रहे हैं। वहीं, मांग अधिक होने के कारण मार्जिन में सुधार हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 3 प्रतिशत बढ़कर 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी विकास दर का अनुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

# शेयर बाजार सपाट खुले, सेंसेक्स 79,000 के ऊपर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों की शुरूआत सोमवार को सपाट हुई। बाजार के सभी सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सुबह 9:20 बजे सेंसेक्स 16 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,051 अंक और निफ्टी पांच अंक की बढ़त के साथ 24,015 अंक पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक एनएसई पर 1,519 शेयर तेजी के साथ और 571 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। छोटी और मझौली कंपनियों के शेयरों में भी सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 94 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 55,831 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 112 अंक या 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,430 अंक पर था। ऑटो, आईटी, फार्मा और धातु सेक्टरों के सूचकांक मजबूत बने हुए हैं। वहीं, पीएसयू बैंक, रियल्टी और वित्तीय सेवाओं पर दबाव है। चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि बाजार सोमवार को सपाट खुला है। निफ्टी के लिए 24,100 अंक एक रुकावट का स्तर है। वहीं, 23,900 अंक, 23,850 अंक और 23,800 अंक एक सपोर्ट है। अगर यह 24,100 अंक से ऊपर जाता है तो 24,250 अंक पर भी पहुंच सकता है। ज्यादातर एशियाई बाजारों में तेजी है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, जकार्ता और सोल के बाजार हरे निशान में हैं। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाल निशान में बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

# राजनीतिक स्थिरता, घरेलू निवेशकों की खरीदारी के चलते शेयर बाजार पर बुलिश हुए एफपीआई




**मुंबई।** राजनीतिक स्थिरता और घरेलू निवेशकों की ओर से लगातार निवेश किए जाने से शेयर बाजार में तेजी आने के कारण फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (एफपीआई) भारत में एक बार फिर बढ़ गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स की ओर से यह जानकारी दी गई। एफपीआई की ओर से जून में कुल 26,565 करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में निवेश किए गए हैं। बता दें कि पिछले दो महीनों में विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाली की जा रही थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि एफपीआई को भी अब यह अहसास हो गया है कि दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हुए शेयर बाजार में लगातार बिकवाली करना सही फैसला नहीं है। इस कारण से अब उन्होंने अपनी रणनीति को बदला है और जून में शुद्ध रूप से खरीदार बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी निवेशकों की ओर से की जा रही खरीदारी आगे भी जारी रह सकती है। अगर यूएस बॉन्ड यील्ड में कोई उछाल नहीं आता है। नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) पर मौजूद जून के पहले 15 दिनों का डेटा दिखाता है कि विदेशी निवेशक रियल्टी, टेलीकॉम और फाइनेंसियल में खरीदारी और आईटी, मेटल और ऑयल एंड गैस शेयरों में बिकवाली कर रहे हैं। ऐसी उम्मीद है कि फाइनेंसियल शेयरों में खरीदारी का ट्रेंड जारी रह सकता है। जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजय कुमार ने कहा कि भारत का जेपी मॉर्गन बॉन्ड इंडेक्स में शामिल होना सकारात्मक है। उन्होंने आगे कहा कि 2024 में डेट इनफ्लो 68,674 करोड़ रुपये का रहा है। लंबी अवधि में ये सरकार की उधारी की लागत को कम कर देगा। इसके साथ भी कॉरपोरेट्स भी कम लागत पर पूंजी जुटा पाएंगे। यह भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार दोनों के लिए सकारात्मक है। एफपीआई उन जगह पर बिकवाली कर रहे हैं। जहां वैल्यूएशन महंगे हैं। वहीं, विदेशी निवेशक उन जगहों पर खरीदारी कर रहे हैं। जहां वैल्यूएशन सस्ता है। एनालिस्ट ने आगे कहा कि अधिक वैल्यूएशन के कारण एफपीआई का इनफ्लो सीमित रह सकता है।

## एक अदना-सा आम इंसान हूं मैं

प्रस्तुति करंट क्राइम



**नरेंद्र राठी**
(कवि गाजियाबादी)

एक अदना सा आम इंसान हूँ मैं,
क्या मालूम कितने दिन का मेहमान हूँ मैं,
एयरपोर्ट की छत गिरने से दब जाता,
कभी होर्डिंग गिरने से मर जाता,
कभी रेल के टकराने से,
चला बसता पुल गिर जाने से,
कभी कार ऊपर चढ़ जाने से,
मरता कभी दंगे में फंस जाने से,
कभी झुलसता बिजली के तार से,
कभी आवारा पशुओं के प्रहार से,
ऊपर से गिरता बिल्डिंग बनाने में,
कभी जान निकलती
नाला साफ कराने में,
सुबह घर से निकलता कमाने को,
शाम को घर पहुंचूगां या नहीं,
बच्चों का प्यार पाने को,
मेरी कीमत 5-10 लाख लगा दी जाएगी,
फिर लाश मेरी जला दी जाएगी,
नाम छपा मुख्य जगह,
आज अखबार का सम्मान हूँ मैं,
लाल स्याही से लिखा,
थाने की फाइल में एक नाम हूँ मैं,
क्या मालूम कितने दिन का मेहमान हूँ मैं,
एक अदना सा आम इंसान हूँ मैं,,



## राशिफल

**मेष :** सूर्य इस राशि से तृतीय व गुरु द्वादश रहकर लाभ देंगे, वहीं चन्द्रमा चतुर्थ गोचर करके आज आपका मन आध्यात्मिक करेंगे। जॉब में परफार्मेंस सुखद है।
**वृष :** आज का दिन इसी राशि से द्वितीय स्थित सूर्य, एकादश गुरु व तृतीय चन्द्रमा शुभ बनाएगा। धन का आगमन व व्यय धार्मिक कार्यों में हो सकता है।
**मिथुन :** जॉब में प्रगति होगी। चन्द्रमा व गुरु गोचर के कारण जॉब परिवर्तन सम्बन्धी कोई भी निर्णय सोच समझ कर ही लें। विष्णु जी की उपासना करें।
**कर्क :** आज चन्द्रमा इसी राशि में है। रुके कार्यों के निस्तारण समय है। छात्र करियर को लेकर उत्साहित व प्रसन्न होंगे। कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। मूंग का दान करें।
**सिंह :** सूर्य का एकादश व गुरु का अष्टम गोचर आज आपको प्रत्येक कार्यों में सफलता देगा। आर्थिक सुख में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नवीन अवसरों की प्राप्ति होगी।
**कन्या :** एकादश चन्द्रमा, सप्तम गुरु व दशम सूर्य शुभ हैं। जॉब में उन्नति से प्रसन्नता होगी। चन्द्रमा व शनि रिश्तों में आज तनाव ला सकता है। आर्थिक लाभ सम्भव है।
**तुला :** चंद्रमा आज कर्म भाव में गोचर करेंगे। जॉब में प्रगति को लेकर प्रसन्नता रहेगी। छात्र करियर में अपने परफार्मेंस से संतुष्ट रहेंगे। श्री सूक्त का पाठ करें।
**वृश्चिक :** आज अष्टम सूर्य, गुरु का पंचम व चन्द्रमा का भाग्यभाव में गोचर धन की प्राप्ति कराएंगे। पीला-हरा रंग शुभ है। म्जॉब में पद परिवर्तन के संकेत हैं।
**धनु :** व्यवसाय में संघर्ष सम्भावित है। घर संबंधित किसी कार्य को लेकर सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। रुके हुए धन प्राप्ति के संकेत हैं। हरा व बैगनी रंग शुभ है।
**मकर :** तृतीय गुरु व खष्टम सूर्य आर्थिक लाभ दे सकता है। पिता के आशीर्वाद से लाभ मिलेगा। आसमानी व सफेद रंग शुभ है। धार्मिक यात्रा कर सकते हैं।
**कुंभ :** सूर्य पंचम व गुरु इसी राशि से द्वितीय तथा चन्द्रमा रोग भाव में है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आज आप किसी रुके कार्य को पूर्ण करने में सफल रहेंगे।
**मीन :** चन्द्रमा शिक्षा भाव में है। छात्र सफल रहेंगे। धन का आगमन हो सकता है। गुरु व चन्द्रमा धार्मिक कार्यों में व्यस्त करेगा। राजनीति में सफलता के संकेत हैं।

## चुटकुले

एक भिखारी रोज-रोज मांग कर खाते-खाते तंग आ गया। एक दिन उसने भगवान से कहा कि- भगवान, मुझे खाने को ऐसा कुछ दे जो खाने पर भी खत्म न हो।
भगवान बोले-ये ले बेटा च्यूइंग गम।

---

लड़की बंटी से - क्या कर रहे हो ?
बंटी - मच्छर मार रहा हूं, लड़की - अब तक कितने मारे ?
बंटी - पांच मारे.. तीन फीमेल और दो मेल, लड़की - कैसे पता चला कि मेल कौन है और फीमेल कौन ?
बंटी - तीन आईने पर बैठे थे और दो बियर के पास।

---

टीचर (छात्र से)- बताओ हाथी और घोड़े में क्या फर्क होता है?
छात्र-सर घोड़े की एक तरफ दुम होती है और हाथी की दोनों तरफ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- हैदर अली और ब्रिटिश सेना के बीच युद्ध।
- सिन्ध के मुख्य आयुक्त सर बर्टलेफ्रोरे द्वारा सिफर सिंध राज्य में और मुंबई कराची मार्ग पर प्रयोग के लिए सिंध डाक नामक डाक टिकट जारी किया गया।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
- भारत में पोस्टकार्ड की शुरूआत।
- इंपीरियल बैंक आफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और इसे स्टेट बैंक आफ इंडिया का नाम दिया गया।
- अफ्रीकी देश घाना को गणराज्य घोषित किया गया।
- भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना।
- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और 59 अन्य देशों ने परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के लिए परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत किए।.
- तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम का ऐलान किया।
- अमेरिका ने ताइवान के खिलाफ लागू प्रतिबंध हटाये।
- भारत में अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया गया।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

02 07 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




ऋचा मुखर्जी
अभिनेत्री



डॉ. सविता चौधरी, गुंजन गर्ग, रेणुका, अर्चना भट्ट शर्मा, बबीता, महमूद अली, नितिन कुमार, परवेज त्यागी, मदन राय, लक्ष्मी चंद बंसल
अखलाक चौधरी, अकरम, अमित मिश्रा, अनिल गौतम, दिनेश जांगिड, मदन तोमर, नितिश कुमार, पिंकल गुर्जर, प्रशांत चौधरी, राजीव कुमार, राजपाल शर्मा
सतेंद्र यादव, सुशांत आनंद नारायण भारद्वाज, सुरेंद्र सिंह, उपेंद्र राणा, विपुल सिंह, चिंटू, अनिल शर्मा, आबिद हसन, हिमांशु गिरी, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार यादव
प्रदीप, सतीश नंबरदार, मुजीब सैफी, चिंटू, वंश

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# सहकारी समितियों पर खुलेंगे जनसेवा केंद्र






**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** सहकारिता विभाग ने किसानों की सेवा के लिए सहकारी समितियों को माध्यम बनाया है। जिले की 84 सहकारी समितियों में जनसेवा केंद्र के माध्यम से एक ही छत के नीचे किसानों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। इसमें आधार कार्ड व राजस्व अभिलेख की नकल लेने की सुविधा रहेगी। इनके संचालन के लिए कर्मचारियों को जल्द ही ट्रेनिंग दी जाएगी। जिले में करीब 71 साधन सहकारी समितियां सक्रिय हैं। अब तक किसान इन समितियों से खाद, बीज और केसीसी का लाभ लेते रहे हैं। इनमें कुछ समितियों पर सीजन में धान और गेहूं की खरीद की जाती है। अब तक इन पर केवल यही सुविधाएं किसानों को मिल रहीं थीं, लेकिन अब इन समितियों पर किसानों के लिए तमाम नई सुविधाएं सरकार ने देने का फैसला लिया है। इसके तहत अब समितियों पर सीएससी केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) का संचालन कराया जाएगा ताकि किसानआय, जाति, निवास, हैसियत, दिव्यांग प्रमाण पत्र समेत अन्य चीजों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सचिव संदीप सिंह ने बताया कि जिले में अभी 71 समितियां सक्रिय हैं। इन सभी ने सीएससी के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी 84 को ही अनुमति मिली है। इनको प्रशिक्षण दिया जाएगा इससे यह कर्मचारी अपने रोजगार को बढ़ावा दे सकेंगे। साथ ही किसानों को भी गांव में ही सुविधाएं मिल सकेंगी। जिला सहकारिता समिति के चेयरमैन कृष्णवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को हर सुविधा सरकार दे रही है,उन्होंने कहा कि अपने खर्चे कम करके लोगों से सदस्यता दिला रहे हैं। समिति का प्रयास है कि किसान क्रेडिट कार्ड को बढावा दिया जा रहा है, खासकर ग्रामीणों के लिए। उन्होंने कहा कि जिले में नए 5 बैंक खोलने की भी प्रक्रिया चल रही है ।

## लोकसभा में विपक्ष पर बरसी बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अपनी बातें रखी। यह लोकसभा में उनका पहला भाषण था। इस दौरान बांसुरी स्वराज ने इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। वहीं, जल संकट को लेकर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी निशाना साधा। बांसुरी स्वराज के भाषण में अपनी मां सुषमा स्वराज की झलक देखने को मिली। उन्होंने सदन में सुषमा स्वराज की तरह ही दमदार अंदाज में अपनी बात रखी। बांसुरी स्वराज ने कहा कि एक दशक में यह पहली सरकार है जिसकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। जो कहा, वो किया। घाटी से आर्टिकल-370 हटाया, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया, सीएए लेकर आए, 'वन रैंक वन पेंशन' लागू किया, मेक इन इंडिया की नींव रखी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को इतना सशक्त किया है कि आज दुनिया में देश की अर्थव्यवस्था 5वीं सबसे बड़ी है और यह सब असाधारण परिस्थितियों में हुआ है। पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझकर निकला है।

# स्वरूप पार्क में अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन मनाया

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** जीटी रोड स्थित स्वरूप पार्क के ज्ञानपीठ केन्द्र-1 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा, फल वितरण किये और पौधरोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाविद राम दुलार यादव, इं धीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि विलक्षण प्रतिभावान अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी को देश की सबसे बड़ी तीसरी पार्टी लोकसभा में बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राष्ट्रीय राजनीति में अपना परचम लहरा दिया। आज पूरा देश उनकी ओर देख रहा है क्योंकि जब वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, विकास की गंगा बहाते हुए अभूतपूर्व कार्य किया।



लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा जनेश्वर मिश्र पार्क बना, समाजवादी विचार की पताका फहराई गई।

अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए आधुनिक नियंत्रण कक्ष और महिलाओं के लिए 1090 हेल्पलाइन की व्यवस्था की, छात्र-छात्राओं को लाखों लैपटाप मुफ्त वितरण कर उन्होंने नौजवानों को सुविधा प्रदान की। कमजोर वर्गों की मदद के लिए एंबुलेंस सेवा 108 प्रदान की जो आज भी कार्य कर रही है। उस अवसर पर डॉ. देवकर्ण चौहान, रामदुलार यादव, अवधेश यादव, इंजीनियर धीरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, एसपी छिब्बर, एसएन जायसवाल, जसविंदर सैनी, विजय भाटी एडवोकेट, मुनीव यादव, ब्रह्म प्रकाश, सीबी मौर्य, अमृतलाल चौरसिया, हाजी मोहम्मद सलाम, हरेन्द्र यादव, राजेन्द्र सिंह, हुकुम सिंह, धर्मेन्द्र यादव, हरीराम, फूलचंद वर्मा, कैलाश चंद, हरिशंकर यादव, हरिकृष्ण, अमर बहादुर, सुभाष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक अजीत पाल त्यागी को पटका पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी डॉ.अतुल जैन ने



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अजीत पाल त्यागी को उनके जन्मदिन पर पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट करके जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के अवसर पर अतुल जैन ने उनके स्वास्थ्य और दीघार्यु होने व समाज सेवा में तल्लीन रहने की कामना की।

# लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन अवकाश उपरांत विद्यालय के प्रथम दिन पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन शांतिकुंज परिवार मोदीनगर के प्रमुख वीरेंद्र कुमार गौड़ और उनके सहयोगियों द्वारा संपन्न कराया गया।

यज्ञ में मुख्य यजमान प्रबंधक सुमित कुमार गुप्ता व रुचि गुप्ता , कोषाध्यक्ष अरविंद भारतीय व उमा भारतीय, प्रधानाचार्य महेश बाबू व वेद कुमारी, आदित्य त्यागी व रुचि, वीरपाल आर्य व सीमा, मनोज सैनी व सुषमा सैनी,अनिल कुमार व हेमलता ,सरजीत व ज्योति रहे।



मौके पर स्कूल की प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद जिंदल, वरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल, बृजेश्वर निम्मी, शेखर, अभिभावक नीरज त्यागी , राजेंद्र वंदना एन्क्लेव, रुक्मणी व आरजू , प्रीति शर्मा, आयुषी ,हेमलता शर्मा ,पूजा ,अंजू , निशा ,संध्या देवी, सविता , बोबी शर्मा , राखी शर्मा ,शोभा सिंह , राजेश यादव,राधा ,रितु त्यागी, नीलिमा राणा, प्रियंका , शिव त्यागी, नेदू त्यागी , प्रीति शुभीष ,शिवानी त्यागी ,भारती, जयवती , अजय मित्तल,अनुराधा, पुनीत कुमार, सारिका सहित सभी अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## अंग्रेजों के कानून को हमने नकारा, पीएम मोदी-अमित शाह को बधाई : फडणवीस

**मुंबई।** देश भर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू कर दिए गए हैं। इन तीनों कानून को पिछले साल संसद से पारित किया गया था। नए कानून के तहत दिल्ली में पहली एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। नए आपराधिक कानून के लागू होने पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है।

उन्होंने कहा कि आज से देशभर में नए क्रिमिनल लॉ लागू कर दिए गए हैं। आजादी के 75 सालों के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून को हमने नकारते हुए अपने देश का कानून तैयार किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को मैं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि पहले के कानून में अपराधी छूट जाते थे, न्याय मिलने में देरी होती थी, जिस पर कंट्रोल लाया गया है। देश में नई शुरूआत हुई है।

## अब गोली आपका नहीं मेरा सीना चीरेगी : सांसद चन्द्रशेखर रावण



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण रविवार को धौलड़ी में पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। पिछले दिनों धौलड़ी में बाग में पानी लगाने के कारण दो पक्षों में झगड़ा हुआ था जिसमें मुस्लिम समुदाय के एक ही परिवार के तीन लोगों को गोली मारी गई। इसमें बाप, बेटे की मौत हो गई और दूसरा बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। चंद्रशेखर ने कहा कि अब कोई गोली आपके नहीं मेरे सीने पर लगेगी, पहले मेरा सीना चीरेगी, मैं आपकी ढाल हूं। चंद्रशेखर ने पीड़ित परिवार को प्रशासन की तरफ से सुरक्षा मिलने की मांग उठाई। जिस तरह और लोगों की मदद हो रही है इनकी आर्थिक मदद होना चाहिए। सुरक्षा के लिए सशस्त्र लाइसेंस की व्यवस्था होना चाहिए, इसके लिए मैं पूरा जोर लगा दूंगा। कहा कि इस परिवार को आर्थिक सहायता भी दी जाए।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेसियों ने की कर्नाटक के मुख्य सचेतक से भेंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस के संगठन प्रभारी त्रिलोक सिंह, पूर्व मेयर प्रत्याशी लालमन सिंह,प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, किसान नेता संदीप त्यागी व जिला कोऑडिनेटर युवक कांग्रेस हुमायूं मिर्जा ने मुख्य सचेतक कर्नाटक सरकार, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कर्नाटक और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम अहमद से कर्नाटक भवन में शिष्टाचार मुलाकात कर देश की राजनीति पर गहन चर्चा की।

### पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद ने किया पौधरोपण



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत सोमवार को पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद ने कार्यकर्ताओं के साथ महाराजपुर के पार्क में पौधरोपण किया। वहीं पौधे के बड़े होने तक संरक्षण की व्यवस्था की गयी। पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद ने कहा कि पेड़ों के कटान के चलते पर्यावरण असुरक्षित हो रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार लगातार पौधरोपण अभियान चलाकर धरती पर हरियाली बढ़ाने का प्रयास कर रही है जिसके क्रम में नए-नए कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पौधरोपण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

### पार्षद सतेंदर चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया पौधरोपण





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत वसुंधरा के वार्ड 54 में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर उसे पालने का संकल्प लिया। पार्षद सतेंदर चौधरी के नेतृत्व में ' एक पेड़ मां के नाम' पौधे रोपे गए। पूरे देश में इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम एक नयी और प्रेरणादायक पहल है। इसका उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत लोग अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है।

### संपत्ति प्रबंधक अधिकारी से मिले किसान



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को उत्तर प्रदेश आवास- विकास परिषद की वसुंधरा योजना के संपत्ति प्रबंधक अधिकारी नृपेंद्र सिंह से किसान समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष सतीश नागर ने बताया कि सम्पत्ति प्रबंधक से क्षेत्र के किसानों के मुद्दों पर चर्चा की। संपत्ति आधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह जल्द ही किसानों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इस अवसर पर याकूब अली वारिष्ठ उपाध्यक्ष, बलराम सिंह उपाध्यक्ष, आशीष कौशिक सचिव, ओमप्रकाश नागर आदि किसान मौजूद रहे।

### आपराधिक कानून के भारतीयकरण से आम जनता को होगा फायदा : मोहम्मद अमीर नकवी



**लखनऊ।** देशभर में तीन नये आपराधिक कानून -- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य सोमवार से लागू हो गए हैं। नये आपराधिक कानून लागू होने को लेकर लखनऊ के वरिष्ठ वकील मोहम्मद अमीर नकवी ने कहा कि इस देश को इस कानून की आवश्यकता बहुत ज्यादा थी। अभी तक ये राष्ट्र दण्ड विधान पर चल रहा था। अभी तक जो भी आपराधिक कानून था, वो अंग्रेजों की ओर से बनाया गया था। अभी तक जो कानून था, मुझे नहीं लगता कि वो 140 करोड़ जनता के लिए न्याय कर पाता। इस न्याय विधान की सबसे ज्यादा जरूरत है। आज वो आया है।

## माँ दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कलश यात्रा निकाली





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** रामप्रस्था ग्रीन के मां दुर्गा मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीभागवत कथा से पूर्व सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार को कलश यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। चौधरी बलवंत सिंह ने बताया कि रामप्रस्था ग्रीन परिसर में पहला भव्य माँ दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया गया है। मन्दिर बनने से यहां इलाके के रहने वाले लोग भी काफी खुश और उत्साहित नजर आए हैं। पहले यहां के लोगों को दूर जाकर पूजा करनी पड़ती थी वहीं अब रामप्रस्था ग्रीन परिसर में लोग पूजा अर्चना कर सकेंगे। यहां मां दुर्गा और शिव पार्वती की साथ ही शनिदेव की मूर्ति भी स्थापित की गई है। आगामी 8 जुलाई को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी वहीं भागवत कथा का भी शुभारंभ किया जा रहा है।

इस अवसर पर चौधरी बलवंत सिंह यादव, संदीप सिंह यादव, अमित सिंह यादव, पार्षद राजकुमार सिंह, भास्कर गांधी, विनोद यादव, लोकेश गोयल, प्रमोद द्विवेदी, सुशील सिंह, केशव प्रसाद शर्मा, राजेश सिंह, अर्चना द्विवेदी, जया श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आइफा में छात्रों का धमाल, चंदन लगाकर सीनियर्स को दी विदाई

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के सीनियर छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को चंदन का तिलक लगाकर विदा किया और जमकर धमाल मचाया।

मोदी कपड़ा मिल परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के प्रांगण में सीनियर छात्रों के इस विदाई समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक एस के राय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्थान के निदेशक एसके राय ने कहा कि छात्रों को यहां शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत अपने माता पिता का नाम रोशन करने व संस्कारवान बनने की सीख दी। कॉलेज के सीनियर छात्र-छात्राओं को बारी बारी से स्टेज पर बुलाया




और उन्होंने अपने जूनियर छात्रों के साथ अपने चार वर्षो के अनुभव को शेयर किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। जूनियर छात्र-छात्राओं ने प्रत्येक सीनियर छात्र को गिफ्ट देकर विदाई दी। मंच का संचालन एकांश, राशि व द्रविड़ ने किया। कार्यक्रम के अंत में मिस फेयरवेल तपस्या व मिस्टर फेयरवेल आर्यन रैना व मिस्टर रनअप फेयरवेल सानिध्य व मिस रनअप फेयरवेल काजल सिंह को चुना गया। इस मौके पर डॉ0 संघर्ष शर्मा, भूपेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, प्रशांत, नीलांजना चौहान, डॉ0 रुचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, ओमपाल सिंह, कविता, आभा शर्मा व अनुराधा आदि मौजूद रहे।

# राज्यसभा में आरएसएस पर खड़गे की टिप्पणी को लेकर नड्डा, सभापति ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्यसभा में आरएसएस के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं, जिस पर सभापति जगदीप धनखड़ और सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने आपत्ति जताई। कांग्रेस नेता ने अग्निपथ योजना समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि किसान का बेटा फौज में भर्ती होता है। इसके जवाब में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज किसान का बेटा वैज्ञानिक है, उद्योगपति है, उद्यमी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार कैसी होगी, इसका पिछले एक महीने से अंदाजा लग रहा है। नीट पेपर लीक, यूजीसी नेट पेपर लीक, नीट पीजी परीक्षा रद्द, सीएसआईआर नेट रद्द, भीषण रेल दुर्घटना, जम्मू-कश्मीर में तीन बड़े आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी लीक, देश में तीन हवाई अड्डों की छत टूटी, बिहार में पांच पुल टूटे, टोल टैक्स में बढ़ोतरी, रुपए में ऐतिहासिक



गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो बच्चे आगे पढ़ाई नहीं करेंगे। देश में सात साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। यदि डिग्री को इज्जत देनी है तो ऐसे घपले-घोटाले बंद होने चाहिए। नहीं तो पूरी दुनिया में हमारी शिक्षा प्रणाली खतरे में पड़ जाएगी। लोग हर एक डिग्री को संदेह की नजर से देखेंगे। उन्होंने शिक्षण प्रणाली में आरएसएस के लोगों के ऊंचे पदों पर होने का मुद्दा उठाया जिसे सभापति ने सदन की कार्यवाही से हटा दिया। सभापति ने कहा, ₹क्या किसी संस्था का हिस्सा होना अपराध है? आप कह रहे हैं कि एक संस्था ने कब्जा कर लिया, जो बिल्कुल गलत है।₹ आरएसएस को लेकर सभापति ने कहा कि यह एक संस्था है, राष्ट्र का कार्य कर रही है, राष्ट्रीय हित में कार्य कर रही है। देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके लोग इसके लिए योगदान दे रहे हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा आज के दिन उनमें योग्यता देख सकते हैं। खड़गे ने उत्तर में कहा कि उनकी विचारधारा खतरनाक है। साथ ही उन्होंने आरएसएस को लेकर अन्य बातें भी कही, जिन्हें कार्यवाही से निकाल दिया गया। सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने आरएसएस के बारे में जो वक्तव्य दिया है, वह बहुत ही गैर-जिम्मेदाराना है। उसे सदन की कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए। इस पर सभापति ने कहा कि यह बातें कार्यवाही से निकाली जा चुकी हैं। सभापति ने मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा कि आप जानबूझकर ऐसी संस्था पर आरोप लगा रहे हैं जो राष्ट्र के लिए कार्य कर रही है। नेता सदन जेपी नड्डा ने आरएसएस को लेकर दिए गए वक्तव्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि खड़गे का वक्तव्य निंदनीय है।

## कर्नाटक में कांस्टेबल ने एसपी दफ्तर के बाहर पत्नी की हत्या की





हासन (कर्नाटक), 1 जुलाई (आईएएनएस)। कर्नाटक के हासन जिले से सोमवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एसपी कार्यालय परिसर में एक पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सिपाही (लोकनाथ) की तलाश शुरू कर दी है। वहीं मृतक महिला की पहचान ममता के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब ममता अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय आई थी। इससे गुस्साए लोकनाथ ने घात लगाकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिसकर्मियों के अलावा कई लोग भी मौजूद थे। हालांकि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ममता ने दम तोड़ दिया। बता दें कि घटना को अंजाम देक र आरोपी पुलिस कांस्टेबल मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकनाथ और ममता की शादी को 17 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। दंपति के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। चार दिन पहले ही दोनों के बीच बहस हुई थी। लोकनाथ शांतिग्राम में सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यालय में कार्यरत था। हसन सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गर्मी की छुट्टी के बाद खुले स्कूल, डीएम ने छात्रों व टीचरों का टीका करके और पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार को स्कूल खुल गए। ऐसे ही एक सरकारी स्कूल में गाजियाबाद के जिला अधिकारी ने छात्रों का टिका करके और पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी के मुताबिक बच्चे मन लगाकर पड़े और उन्हें पढ़ाई में मन लगे, इसीलिए उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही स्कूल में जिलाधिकारी ने वृक्ष रोपण भी किया।

गर्मियों की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार को स्कूल खुल गए। स्कूल खुलने के बाद कवि नगर के सरकारी विद्यालय में छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। खुद गाजियाबाद के जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह कवि नगर के विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्रों को टीका लगाया, उनके ऊपर पुष्प वर्षा की और उनका स्वागत किया।

## जिला अधिकारी ने स्कूल में किया वृक्षा रोपण

**करंट क्राइम।** इस दौरान जिला अधिकारी ने स्कूल में वृक्ष रोपण भी किया। साथ ही छात्रों को ज्ञान देने वाले टीचरों का भी स्वागत कुछ इसी तरीके से किया गया। जिलाधिकारी गाजियाबाद इंद्र विक्रम सिंह ने बताया के बच्चों के स्वागत का कारण था कि उनका उत्साह वर्धन किया जाए साथ ही उनका पढ़ाई में मन लगे इसीलिए छात्रों का स्वागत किया गया। छात्रों को मिठाई भी खिलाई गई, साथ ही पढ़ाई से संबंधित सामान भी उनको सौंपा गया।

## सौतेले बाप ने बेटी को बनाया हवस का शिकार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** रिश्ते तार तार होने का मामला प्रकाश में आया है। एक युवती को उसके सौतले पिता ने हवस का शिकार बना दिया। बेटी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कॉलोनीवासी महिला ने पुलिस से शिकायत की है, कि उसके पहले पति की मौत के बाद दूसरी शादी हुई थी, पहले पति से उसके बेटी है, बताया कि जब वह घर पर अकेली थी, तो बेटी के साथ सौतले पिता ने गलत कार्य को अंजाम दिया। इसकी जानकारी उसकी बेटी ने जब उसे दी और उसने गलत कार्य का विरोध किया तो आरोपी ने मां बेटी को जान से मारने की धमकी दे डाली। मामला पुलिस के समक्ष पंहुचा। पुलिस ने घटना की जांच के दौरान पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# डासना में सफाई अभियान के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना स्टैंड रफीकाबाद रोड पर नगर पंचायत द्वारा बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध अतिक्रमण हटाना और नाले की सफाई करना था। नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रियता दिखाते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया और नाले की सफाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन नगर पंचायत की टीम ने दृढ़ता से अपने कार्य को अंजाम दिया। नगर पंचायत डासना के अधिकारी ने बताया कि इस सफाई अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करना और स्थानीय निवासियों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। सफाई अभियान के बाद स्थानीय लोग इस कार्य की सराहना करते दिखे और उन्होंने नगर पंचायत की इस पहल की प्रशंसा की। नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस अभियान से क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह, पार्षद हाफिज सईदुद्दीन, अमित यादव ठेकेदार, पुलिस बल सहित कर्मचारीगण मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा वार्ड में ही रूल हो रहे हैं हार्ड? कहने वाले ने कहा कि आप एक नजर उठा कर देख लो सैफी मुलायम और शर्मा जी के वार्ड? देवतुल्यों के रोजगार पर ही हो रही है बुलडोजर की मार? निगम वालो ने ही बताया कि आओ तो सही शिकायत देखने एक बार? भगवा मेंबर ही देते हैं लिखित में शिकायत और कार्यवाही न होने पर दिखाते हैं मूड एंगर? एक बार हो जाए अगर शिकायत करने वाले के नाम का खुलासा? तब मिल जाएगी देवतुल्यों के भी मन को दिलासा? हमे तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल पार्षदों को लेकर पुलिस नही दिख रही है कूल? जब पुलिस वाले प्रोग्राम में सब पूछ रहे थे सवाल? तो पुलिस अधिकारी दे रहे थे सबके जवाब बारी बारी? लेकिन उस भगवा पार्षद के सवाल को ये कहके कर दिया पुलिस अधिकारी ने शीतल? आप बैठ जाएं और कर लेना फोन पर बात? फूल वाले ने ही कहा पहले भी गए थे ये पार्षद पुलिस अधिकारी से करने मुलाकात? तब भी बड़े अधिकारी ने कर दिया था मिलने से इंकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सहकारी वाले किस ब्राह्मण चेहरे के मन में आ गया है चुनाव लड़ने का विचार? अब वो चाहते हैं कि बैंक से आगे भी निकले उनकी सियासत का खाता? क्यों कहा कहने वाले ने कि उनकी दावेदारी के खेत में नही है 12 बीघे में उम्मीद का एक भी दाना? टिकट मांगने पर कोई जीएसटी लागू नहीं है? वो मांग सकते हैं उम्मीद के एकदम निकट होकर टिकट? लेकिन सीन यहां उनके अपने ही कर देंगे विकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैंडपंप वाले सरदार जी को देना होगा इस बार भी अपनी चुनावी इच्छा को ब्रेक? फूल वालों ने दे दी है अपने विधायक नंबर वन को शहर विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी? यहीं से खत्म हो गई हैंडपंप वाले सरदार जी की चुनावी दावेदारी? यहां नही है एक्सचेंज फॉमूर्ला की भी कोई संभावना? फ्लॉवर पार्टी यहां प्रायोरिटी पर ख्याल रखेगी अपने दावेदारों की भावना? अब हैंडपंप वाले फिर से लड़ाएंगे फूल वालों को उपचुनाव? ये अलग बात है कि फूल वाले उन्हे दे या न दे कोई भाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा निगम में नही चल रहा है सब कुछ ठीक? जनप्रतिनिधियों से ज्यादा तो अफसरों के पास है सूचना सटीक? बैटिंग भले ही फूल वाले कर रहे हैं लेकिन निगम वाले डाल रहें हैं ओवर गुगली? फूल वाले ही जाकर कर रहे हैं फूल वालों की चुगली?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के 3 नेता देख रहे हैं शहर विधायक बनने का ख्वाब? दिल्ली में ध्वज प्रणाम वाले बड़े चेहरे के सामने रखी उनमें से एक ने बात? सुना है ध्वज प्रणाम वाले भाई साहब ने कर दिया साफ इंकार? बताते हैं इनकार के जुड़े हैं किसी मजबूत दावेदार से तार? सुना है कहानी में एंटर होने वाला है एक नया किरदार? जो भी हो टी सीरीज फैक्टर इस वक्त खूब जोर लगा रहा है यार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुझे लग रहा है इस बात में क्यों ये डाउट? जिन नामों को लेकर दी जा रही है गारंटी? वो हो जायेंगे एन टाइम पर लिस्ट से आउट? ये समाज समाज की रट भी हो जायेगी शांत? बताने वाले ने बताया कि वो कर चुके हैं पहले ही एक सियासी फाउल? समझ ने वाला समझ जाए इस सवाल के जड़ को, जो ना समझा तो बन जायेगा आउल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां जब से आई है विजय के हाथ में कमान? थम गया है दफ्तर से लेकर सड़क पर होने वाला सियासी घमासान? लेकिन अभी भी बाकी है बहुत काम? फूकनी होगी यहां पूरें संगठन में फिर से एक नई जान? वार्ड और बूथ पर ग्राउंड लेवल पर करना होगा काम? क्यों कहा कहने वाले ने कि जटवाड़ा वाले चौधरी साहब की राहें इतनी भी नहीं है आसान? उप चुनाव में फिर होगी महानगर वालो की परीक्षा? देनी ही होगी नए चेहरों को कांग्रेसी होने की दीक्षा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गूंज रहा है नंद वाले गांव में किस्सा एक प्लॉट का? किस्से में आ गया है एक बड़े जनप्रतिनिधि का नाम? कहने वाले ने कहा कि प्लॉट का साइज है 162 वर्ग मीटर? निचली अदालत ने दिया है फैसला जनप्रतिनिधि के खिलाफ? कहने वाले ने कहा कि तर्क साहब बताते हैं प्लॉट को अपने नाम? सुना है जनप्रतिनिधि के भी लगे हुए हैं इस भूखंड में दाम? कहने वाले ने कहा कि हमे क्या लेना देना जी? हम रखते हैं अपने काम से काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस महावत के कॉन्फिडेंस को भी करना होगा सलाम? जिसने किया कहीं बैठ कर इस बात का चुनावी एलान? अगर हाथी आ गया शहर वाले रण में और उतार दिया उम्मीदवार मुसलमान? लिख कर रख लो फिर कांग्रेस आयेगी तीसरे पायदान? कहने वाले ने कहा कि क्या बात कर रहे हों भाईजान? हाथी तो लोकसभा में नही पकड़ पाया एक लाख वोट वाली पायदान? कहने वाले ने कहा कि वो चुनाव लड़ने नही बदला लेने आए थे श्रीमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व डिप्टी मेयर वर्तमान निगम पार्षद प्रवीण चौधरी तथा सहकारिता क्रय विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य लंबी आयु की कामना की ।

# सपा कार्यालय पर केक काटकर मनाया सुप्रीमो अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरडीसी स्थित सपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व पूर्व एमएलसी राकेश यादव, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन , महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप व समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन के नेतृत्व में बरगद पीपल व नीम की पौध का रोपण किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सब समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवाद के ध्वज वाहक, दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के हितैषी अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन मना रहे हैं । लोकसभा चुनाव में मिले प्रचंड जनादेश से कार्यकर्ताओं में जन्मदिन के उत्सव को दोगुना कर दिया है। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश यादव, वरिष्ठ समाजवादी नेता रामदुलार यादव, एडीवी नाहर सिंह यादव, पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा, धर्मवीर डबास प्रदेश सचिव, धीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, परवेज चौधरी, जितेंद्र यादव, प्रवेश बैसोया, सतेंद्र शर्मा, विशाल वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, देवव्रत धामा, आकाश अग्रवाल, जीतू शर्मा युवजनसभा जिलाध्यक्ष, अंशु ठाकुर छात्र सभा जिलाध्यक्ष, रश्मि चौधरी महिला सभा जिलाध्यक्ष, ऋतु खन्ना महानगर अध्यक्ष महिला सभा, प्रभाकर त्यागी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष, हाजी मुबारक जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक, हाजी नूर हसन जिलाध्यक्ष , राजदेवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा ,गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष , मुरादनगर ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड रविंदर यादव, महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी विवेक त्यागी, महानगर अध्यक्ष छात्र सभा नाजिम चौधरी, श्रवण त्यागी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, रमेश चंद यादव एडवोकेट, शोएब चौधरी, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनीस अली, भारत यादव, लाला गंगा शरण, नरेश बत्रा, मोहम्मद फारूक सिद्दीकी ,कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव ,प्रदीप गहलोत ,अजय यादव , साजिब सैफी, ब्रह्मपाल सिंह ,अरुण सिंह वाल्मीकि ,अनुष्का सिंह, विक्रांत पंडित, किरण कालिया, पुष्पा शर्मा, अनुष्का सिंह, आशा सचदेवा, शशि वर्मा महानगर सचिव ,राजेश यादव ,नवीन पंडित ,उपेंद्र यादव राहुल रावत व कार्यालय प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## 45 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण की गई

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मां अनूपी छोटी देवी सेवा फाउंडेशन व राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संस्थान की ओर से लगभग 45 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण की गई। गोविंदपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अस्पताल के चिकित्सक कैलाश चंद, डॉक्टर अंशुल चौधरी, डॉ0 करण पाल, पवन कुमार, एसटीएस दिनेश, एलटी राकेश कुमार व सीमा चौधरी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# थाना मसूरी में गोष्ठी आयोजित कर नए कानूनों की जानकारी दी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रामीण जोन पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थाना मसूरी में एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य नए कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में क्षेत्रीय लोगों को जागरूक करना था। मीटिंग में एसीपी नरेश कुमार ने क्षेत्रीय लोगों को नए कानूनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने नए नियमों और कानूनों के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके अनुपालन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रधान और अन्य जिम्मेदार लोग भी उपस्थित रहे। एसीपी नरेश कुमार ने कहा नए कानूनों का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। यह मीटिंग इसी दिशा में एक कदम है। मीटिंग में शामिल स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कानून व्यवस्था में सुधार की दिशा में पुलिस विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की। मीटिंग के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने की कोशिश की गई है, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार हो सके और समाज में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

## अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर सिकंदर यादव ने किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर सपा नेता सिकंदर यादव ने अपने ऑफिस के पीछे कदंब का पौधा रोपा और लड्डू बंटवाए। सिकंदर यादव ने बताया कि कदंब के पेड़ के नीचे भगवान श्री कृष्ण ने माता यशोदा को ब्रह्माण्ड के दर्शन कराए थे। पिछले 18 सालों में सिकंदर यादव ने एक लाख से ज्यादा पौधे लगाए और लगवाए हैं। कुछ दशकों पहले तक मनुष्य के जीवन का आधार सिर्फ वृक्ष ही हुआ करते थे,भूतकाल में पेड़ से मनुष्य को भोजन तो प्राप्त होता ही था, साथ में वस्त्र, दवाइयां, घर, और अग्नि सभी जीवन जीने की वस्तुएं मनुष्य पेड़ से ही प्राप्त करता था। इस अवसर पर सिकंदर यादव, कुनाल यादव, हिमांशु, जसकिरत, आकाश चौधरी आदि मौजूद रहे।




## दोनों खास मीटिंग से कौन आईपीएस रहा आउट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दो दिन बड़े अधिकारियों के साथ दो प्रमुख बैठक हुई है। इन बैठक में एक आईपीएस अधिकारी की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि शनिवार की रात और रविवार को दिनभर चली मीटिंग के दौरान एक आईपीएस अधिकारी का चेहरा ना देखना एसीपी से लेकर थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। वहीं बताया जा रहा है कि यह आईपीएस पहले भी कई मीटिंगों से दूर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि ऐसा एक अधिकारी की वजह से हो रहा है। पुलिस कमियनरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे पुलिस कमिश्नरेट में तकरार वाली स्थिति बहुत पहले से है लेकिन अब शायद मामला ओपन वाला शुरू हो गया है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि पूर्व में एक मीटिंग में एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को दूर रखा गया, तो वही दो बैठकों में एक आईपीएस अधिकारी के न होने की चर्चा अब पुलिस विभाग के अंदर जमकर सुनने को मिल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को नए कानून को लेकर जो मीटिंगों का दौर चला वह बता रहा है



कि सब कुछ बेस्ट दिखाने का प्रयास चल रहा है। तो वही सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले कार्यक्रम में साहब के आने की संभावना थी, लेकिन वह नहीं शामिल हुए। अब ना आने के पीछे की वजह तो विभाग वाले ही बता सकते हैं, पर सूत्र बता रहे हैं कि कार्यक्रम में नगर निगम वाले पार्षद भी मौजूद थे, इसी वजह से शायद अंतिम समय पर प्लान चेंज किया गया हो। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जीरो एफआइआर और बेहतर व्यवस्था को लेकर चर्चा अभी से शुरू हो गई है। वहीं सीसीटीएनएस वालों के ऊपर भी अब वर्क वाला लोड बढ़ाने के साथ ही फील्ड पर काम करने वाले खाकीधारियों पर एक्स्ट्रा लोड आएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में स्थिति क्या रहती है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट में कहा जा रहा है कि तमाम आईपीएस अधिकारियों की देखरेख में यह बेहतर बन पाएगा। तो वहीं एक आईपीएस की लगातार मीटिंगों और कार्यक्रमों से दूरी की बात बता रही है कि दोनों के बीच चल आ रहा मामला सॉल्व होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले मेडिकल वाली लीव और अब लीव के बाद मीटिंग से साइड रहना कुछ ना कुछ नई कहानी के चलने की बात बता रहा है।

# सीवर समस्या को लेकर महापौर से मिले वार्ड- 35 अकबरपुर बेहरामपुर के लोग

## महापौर ने सीवर कम्पनी को व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश

● अधिकांश वार्डों में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही है सुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में फिर बढ़ने लगी है सीवर की समस्या। जगह जगह से आये दिन सीवर समस्या को लेकर लोग निगम के अफसरों से अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को महापौर आवास पर वार्ड 35 अकबरपुर बेहरामपुर के लगभग 200 लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या लेकर महापौर के आवास पर उनसे मिले। पीड़ित लोगों ने महापौर को बताया कि सीवर लाइन ओवरफ्लो हो रही है जिसके कारण जलभराव हो रहा है। वार्ड-35 अकबरपुर-बहरामपुर का क्षेत्र बहुत नीचाई पर है इस कारण भी जल निकासी नहीं हो रही है, कई बार क्षेत्र के अवर अभियंता को बताया जा चुका है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं किया गया। ऐसे ही दयानन्द नगर की कॉलोनी में भी सीवर ओवरफ्लो की शिकायत प्राप्त हुई। वसुंधरा स्थित शिवगंगा अपार्टमेंट के बाहर भी सीवर का पानी लगातार भरा हुआ है जिसमें शिकायत के बाद भी कंपनी द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है।

महापौर सुनीता दयाल ने इस सम्बंध में सीवर कंपनी एवं अधिकारियों से वार्ता की है। महापौर ने कम्पनी को कहा है कि मानसून का समय चल रहा है इस समय सीवर व्यवस्था को ठीक रखने की आवश्यकता है, अन्यथा शहर में जल भराव की स्थिति हो जाएगी जिसे कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। महापौर के संज्ञान में यह भी आया है कि सीवर कंपनी द्वारा सीवर का कार्य किसी अन्य कंपनी को दिया गया है जो क्षेत्र में कोई कार्य नहीं कर रही है। महापौर ने सीवर कंपनी को शहर की सीवर व्यवस्था को तेजी से ठीक करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा की स्थिति में सीवर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने किया पौधरोपण




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शहीद नगर वॉर्ड 34 के बेसिक प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर हाजी मौ. कल्लन के साथ स्कूल प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन, मास्टर आरिफ, मो. अजीम मंसूरी, सोनू अलवी, शोभकांत पाठक, सुरेश, राशिद खान ने पौधरोपण किया।

पूर्व पार्षद मो. कल्लन ने कहा कि वर्तमान में हर तरफ फैले तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए, आवश्यकता पेड़ों की है, शाखाओं की नहीं। जब पौधे की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होते हैं। वो शाखाएँ अप्राकृतिक होती हैं जिनकी न तो जड़ों का पता होता है, और ना ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है।

# हिंदुओं को निशाना बनाए जाने के खिलाफ एकजुट हुए अमेरिकी सांसद



## बोले- किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आजकल हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसी मसले को लेकर अब यहां के सांसद बचाव में उतर आए हैं। उन्होंने यहां बढ़ते हिंदूफोबिया और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे भेदभाव का विरोध जताने के लिए भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का संकल्प लिया है।

**तीसरी बार मनाया गया राष्ट्रीय हिंदू वकालत दिवस :** उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने 28 जून को तीसरी बार राष्ट्रीय हिंदू वकालत दिवस मनाया। इस दौरान कई हिंदू छात्रों, शोधकताओं और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया और अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं के सामने आने वाली चिंताओं पर चर्चा की।

**हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा :** सांसद थानेदार ने यहां दिनभर चली वकालत में कहा, 'हम यहां हैं और हम लड़ाई लड़ रहे हैं।' हाउस रेजोल्यूशन 1131 पेश करने वाले डेमोक्रेट थानेदार ने कहा कि आप सभी की जो आवाज है, वही संसद में हिंदू समुदाय की आवाज है। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान का जश्न मनाते हुए हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि वह हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सांसद रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की लगातार बढ़ती हुई भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की उनकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के लिए अपने समर्थन की ओर ध्यान दिलाया। साथ ही समुदाय से अमेरिकी सपने को आगे बढ़ाने का आग्रह किया, जो नवाचार, कड़ी मेहनत, सफलता और इसकी परंपराओं का जश्न मनाता है।

रिपब्लिकन सांसद ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की और सांसद रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय की वकालत के विकास का जश्न मनाया। लोगों को गर्व करने के लिए प्रेरित करते हुए खन्ना ने दर्शकों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बधाई दी।

**देश में नफरत के खिलाफ खड़े रहेंगे :** कांग्रेसी मैक्स मिलर ने धर्म की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में बात की और सदन के प्रस्ताव 1131 का समर्थन करने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने हिंदू समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और आश्वासन दिया कि वे पूरे देश में नफरत और कट्टरता के सभी रूपों के खिलाफ खड़े रहेंगे।

# विदेश में पढ़ाई के सपनों को झटका ऑस्ट्रेलिया के लिए वीजा खर्च हुआ दोगुना




**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया जाकर पढ़ाई करना चाह रहे हैं, तो जरा ठहरिए। क्योंकि अब ये उतना आसान नहीं रहा जितना हुआ करता था। यहां छात्र वीजा के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। छात्रों को पढ़ाई के लिए अब खर्च ज्यादा करना होगा। दरअसल, यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए वीजा शुल्क को दोगुने से भी अधिक कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने यह कदम रिकॉर्ड प्रवासन पर लगाम लगाने के लिए उठाया है।

**यह किया बदलाव :** अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा शुल्क एक जुलाई से बढ़ गया है। अब यह शुल्क 710 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 39,493.11 रुपये से बढ़कर 1600 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 88,998.56 रुपये हो गया है। वहीं विजिटर वीजा वाले और अस्थायी स्नातक वीजा वाले छात्र अब छात्र वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। आवेदन करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**आज से होगा लागू :** गृह मंत्री क्लेयर ओ नील ने कहा, 'आज से लागू होने वाले बदलावों से हमारी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की अखंडता को बहाल करने में मदद मिलेगी। साथ ही एक प्रवासन प्रणाली तैयार होगी जो निष्पक्ष, छोटी और ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहतर है।' मार्च में जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि 30 सितंबर, 2023 तक आव्रजन 60 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 548,800 हो गया है। वीजा शुल्क में वृद्धि किए जाने की वजह से अब ऑस्ट्रेलिया में छात्र वीजा के लिए आवेदन करना अमेरिका और कनाडा की तुलना में कहीं अधिक मंहगा हो गया है।

**अमेरिका से भी महंगा :** शुल्क में वृद्धि के कारण ऑस्ट्रेलिया के लिए छात्र वीजा के लिए आवेदन करना, अमेरिका और कनाडा जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कहीं अधिक महंगा हो गया है। अमेरिका में जहां इसके लिए 185 अमेरिकी डॉलर यानी 15,440.14 रुपये देने होते हैं। वहीं कनाडा में 150 कनाडाई डॉलर यानी 9,156.36 रुपये का शुल्क देना पड़ता है। सरकार ने कहा कि वह वीजा नियमों में खामियों को भी दूर कर रही है, जो विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रवास को लगातार बढ़ाने की अनुमति देते हैं, क्योंकि 2022-23 में दूसरे या बाद के छात्र वीजा पर छात्रों की संख्या 30 फीसदी से अधिक बढ़कर 150,000 से अधिक हो गई है। नया कदम पिछले वर्ष के अंत से छात्र वीजा नियमों को कड़ा करने के लिए की गई कार्रवाइयों के बाद उठाया गया है।

# संपत्ति विवाद में महिला और उसकी बेटी को परिजनों ने कमरे में किया बंद




**सिंध।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के हैदराबाद में एक बहुत ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। संपत्ति विवाद मामले में एक महिला और उसकी बेटी को उसके परिजनों ने पहले एक कमरे में कैद कर लिया और फिर उस कमरे के बाहर दीवार बनाकर उसे पूरी तरह से सील कर दिया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को बचा लिया।

**कमरे के बाद दीवार बनाकर महिला को किया कैद :** यह घटना लतीफाबाद नंबर-5 इलाके की है, जहां पुलिस और कुछ पड़ोसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दीवार को तोड़कर पीड़ितों को बचाया। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके जीजा अपने बेटों के साथ मिलकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया था। बाद में उन लोगों ने कमरे को बाहर से एक दीवार बनाकर हमेशा के लिए बंद कर दिया। आरोपी की पहचान सुहैल के तौर पर की गई है।

महिला ने सुहैल पर लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। इसके अलावा उसने बताया कि आरोपी के उसके घर से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी है। कानून प्रवर्तन ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। उन्होंने जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन भी दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. फारुख लिंजर ने जनता को आश्वासन दिया कि ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम देने वालों कोजवाबदेह ठहराने के लिए कानूनी कार्रवाई चल रही है।

**पेशावर में संपत्ति विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, पेशावर के चमकानी इलाके में संपत्ति विवाद के कारण दो गुटों के बीच गोलीबारी हो गई, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा तब भड़की जब दोनों गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हुई।

# पूर्व राष्ट्रपति पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट सुना सकती है फैसला! 34 संगीन आरोपों में दोषी हैं ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट आज सबसे बहुप्रतीक्षित फैसले पर फैसला सुनाएगी। जिसे सदियों के लिए फैसले का नाम दिया गया है। जिसमें ये तय होगा कि क्या पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभियोजन से मुक्त हैं? बता दें कि 30 मई को ट्रंप को 34 मामलों में दोषी पाया था। भले ही फैसले में ट्रंप के इस दावे को खारिज करने की संभावना हो कि उन्हें अभियोजन से पूर्ण प्रतिरक्षा है। लेकिन यह निर्णय इस बात में महत्वपूर्ण होगा कि क्या 2020 के चुनाव में उनकी हार को पलटने की साजिश रचने के लिए उनका मुकदमा इस साल के चुनाव से पहले आगे बढ़ सकता है, जिसमें वे रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

**ट्रंप के नियुक्त जजों का बयान :** वहीं डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नियुक्त किए गए रूढ़िवादी न्यायाधीश नील गोरसच ने अप्रैल में दलीलें सुनने के दौरान कहा था कि, हम सदियों के लिए एक नियम लिख रहे हैं। वहीं एक अन्य न्यायाधीश ब्रेट कैवनघ ने कहा, इस मामले का राष्ट्रपति पद, राष्ट्रपति पद के भविष्य और देश के भविष्य पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

**सुनवाई में पहले ही हो चुकी है देरी :** बता दें कि मामले में ट्रंप की मूल सुनवाई की तारीख 4 मार्च थी, जो राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ नवंबर में होने वाले उनके चुनावी मुकाबले से काफी पहले थी।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से अपने कार्यकाल के दौरान नियुक्त किए गए तीन लोगों समेत रूढ़िवादियों का वर्चस्व है, ने फरवरी में राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा के लिए उनकी दलील सुनने पर सहमति जताई और मामले को अप्रैल में विचार किए जाने तक के लिए रोक दिया। जिसका साफ मतलब है कि मामले में सुनवाई पहले ही काफी देर हो चुकी है।

हालांकि अदालत की तरफ से यह फैसला सुनाए जाने की संभावना नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप को पूरी तरह से अभियोजन से प्रतिरक्षा प्राप्त है।



# भारतीय मूल के डॉ. संपत फिर चुने गए रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधि

## राष्ट्रपति चुनाव में होगी अहम भूमिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के डॉ. संपत शिवांगी को एक बार फिर रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधि चुना गया है। उन्हें जुलाई में मिल्वौकी में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेन्शन (फ्ठउ) के लिए के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। बता दें कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से नामित किया जाएगा।

**जुलाई में इस दिन होगा आरएनसी :** 78 वर्षीय ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से मैदान में हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय के प्रभावशाली नेता डॉ. शिवांगी को छठी बार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि चुना गया है। उन्होंने कहा, 'खबर साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे 13 जुलाई से 19 जुलाई तक मिल्वौकी में होने वाले आगामी रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में एक आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है।'

विस्कोन्सिन के मिल्वौकी में चार दिवसीय रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को पार्टी का उम्मीदवार घोषित करेगा। नामांकन प्रक्रिया देश भर से रिपब्लिकन प्रतिनिधियों द्वारा पूरी की जाएगी। बता दें, रिपब्लिकन पार्टी की आजीवन सदस्य और रिपब्लिकन इंडियन काउंसिल व रिपब्लिकन इंडियन नेशनल काउंसिल की संस्थापक सदस्य डॉ. शिवांगी को लगातार छह बार आरएनसी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है।

उन्होंने कहा, 'यह छठी बार होगा जब मैं रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में काम करूंगा, ताकि राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार को नामित कर सकूं।'

**इससे पहले भी चुने गए रिपब्लिकन के प्रतिनिधि :** भारतीय-अमेरिकी डॉ. संपत को पहली बार 2004 में न्यूयॉर्क शहर में रिपब्लिकन सम्मेलन में एक प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश को नामित करने के लिए चुना गया था। 2008 में, उन्हें जॉन मैककेन और 2012 में टाम्पा में मिट रोमनी को नामित करने के लिए मिनियापोलिस में एक रिपब्लिकन प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था। अब फिर से मिल्वौकी में 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को नामित करने के लिए उन्हें चुना गया है।

उन्होंने कहा, 'ट्रंप को दोबारा नामित करने और अगले चार वर्ष के लिए दोबारा निर्वाचित करने के लिहाज से इस ऐतिहासिक सम्मेलन का हिस्सा बनना बेहद सम्मान की बात है।

# नस्लीय टिप्पणी पर पीएम सुनक ने रिफॉर्म यूके पार्टी को घेरा



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने निगेल फरेज की दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी के एक समर्थक की तरफ से उन पर किए गए नस्लीय टिप्पणी के बाद गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल एक समाचार चैनल ने रिफॉर्म यूके पार्टी एक समर्थक की रिकॉर्डिंग को प्रसारित किया था, जिसमें वो दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के लिए अपमानजनक शब्द पाकी का इस्तेमाल कर रहा था।

वहीं अपने चुनाव अभियान के दौरान इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री सुनक ने मीडिया से कहा, कि इससे दुख होता है और मुझे गुस्सा आता है। ऐसी टिप्पणी मेरी दोनों बेटियों कृष्णा और अनुष्का के सामने की गई है, मैं उस टिप्पणी को दोहरा भी नहीं सकता। पीएम सुनक ने आगे कहा, कि जब आप रिफॉर्म उम्मीदवारों और प्रचारकों को नस्लवादी और स्त्री-द्वेषी भाषा और बिना किसी चुनौती के विचारों का इस्तेमाल करते हुए देखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको रिफॉर्म पार्टी के भीतर की संस्कृति के बारे में बताता है। इधर रिफॉर्म यूके पार्टी के नेता निगेल फरेज ने उस नस्लीय टिप्पणी की निंदा की और कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एंड्रयू पार्कर का बयान काफी भयावह है। बता दें कि संसद के लिए चुनाव लड़ रहे निगेल फरेज ने कहा कि कुछ लोगों के कृत्यों से काफी निराशा हुई है और ऐसी भावनाएं पार्टी या उसके समर्थकों के विचारों को नहीं दशार्ती हैं।

# दक्षिण चीन सागर पर कम नहीं हो रहा तनाव, चीन ने फिलीपींस तट पर तैनात किया विमानवाहक पोत



**विशेष।** दक्षिण चीन सागर पर तनाव का माहौल है, इसी बीच चीन ने अपना दूसरा विमानवाहक पोत शांडोंग भी तैनात कर दिया। यह शांडोंग फिलीपीन तट के पास पानी में गश्त करते हुए देखा गया है। वहीं फिलीपींस की ओर से भी दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन का विरोध करना शुरू कर दिया है।

पिछले कुछ महीनों में चीन और फिलीपींस की नौसेनाओं और तट रक्षकों के बीच टकराव चल रहा था। क्योंकि अमेरिका द्वारा समर्थित फिलीपींस ने चीन द्वारा दावा किए गए दक्षिण चीन सागर में द्वितीय थॉमस शोल पर अपने दावों को साबित करने का अथक प्रयास किया था। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है। इस पर फिलीपींस, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान के बीच तीखी बहस है। चीन का आरोप है कि फिलीपींस ने 1999 में जानबूझकर दूसरे थॉमस शोल में एक नौसैनिक जहाज को फंसा दिया था। चीन का दावा था कि क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में बदल दिया। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन के एक न्यायाधिकरण द्वारा 2016 के फैसला लिया गया।

इसके आधार पर दक्षिण चीन सागर पर अपने दावों को पुख्ता करने की कोशिश में लगा है। हालांकि, चीन ने न्यायाधिकरण का बहिष्कार किया। लेकिन न्यायाधिकरण के निष्कर्षों को खारिज कर दिया और अपने दावों पर जोरदार तरीके से जोर दिया। वहीं दूसरी ओर चीन ने पिछले महीने एक नया कानून लागू किया।

इस नए कानून के तहत उसके तट रक्षक को चीन के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले विदेशी जहाजों को जब्त करने और 60 दिनों तक विदेशी चालक दल को हिरासत में रखने का अधिकार दिया गया। यह कानून के तहत चीन के तट रक्षक को यह अधिकार भी है कि वह जरूरत पड़ने पर विदेशी जहाजों पर गोली चला सकता है। अमेरिका ने मनीला के दावों के समर्थन में अपनी ताकत दिखाने के लिए फिलीपींस में मध्यम दूरी की टाइफॉन मिसाइल प्रणाली तैनात की है।

अब हाल में चीन ने अपना दूसरा विमानवाहक पोत 'शांडोंग' तैनात किया है। जो फिलीपीन तट के पास पानी में गश्त करते नजर आया। लगभग 70,000 टन विस्थापन वाला विमानवाहक पोत शांडोंग, फिलीपींस के पानी में गश्त करते नजर आया। चीनी विशेषज्ञों के अनुसार विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित दूर की समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है।

# 'बाइडन की जगह किसी युवा को उम्मीदवार बना सकती है डेमोक्रेटिक पार्टी', निक्की हेली ने ट्रंप को दी चेतावनी



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने राष्ट्रपति जो बाइडन की स्वास्थ्य चिंताओं को लेकर आ रही खबरों पर बात की और बताया कि कई लोगों के दिमाग में क्या चल रहा है।


दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली ने भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के शब्दों को दोहराया। जिन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अपने सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बाइडन को बलि के बकरे के रूप में पेश कर रही है। बता दें कि अटलांटा में हुई डिबेट में खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में बाइडन को चुनावी दौड़ से बाहर करने की मांग बढ़ रही है। हालांकि, बाइडन के प्रचार अभियान का कहना है कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। अभियान ने कहा, बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं। उम्मीदवार नहीं बदला जा रहा है। बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव जीत हासिल कर चुके हैं।

अमेरिकी अखबार 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने शनिवार को बताया कि हेली ने अपने ताजा बयान में बाइडन को बाहर करने की डेमोक्रेट पार्टी की कथित रणनीति के बारे में रिपब्लिकन पार्टी को आगाह किया। हेली ने दावा किया कि डेमोक्रेट किसी युवा को मैदान में उतारने जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी का परीक्षण करने जा रहे हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए बड़ी मुसीबत ला सकता है।

हेली ने आगे कहा, यह रिपब्लिकन पार्टी के लिए तैयारी करने और आने वाले समय के लिए तैयार होने का समय है। उन्होंने कहा, अगर वे जो बाइडन को उम्मीदवार बनाए रखते हैं तो डेमोक्रेटिक पार्टी के जिंदा बचने का कोई रास्ता नहीं है। प्राथमिक चुनाव में ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी हेली ने बाइडन की मानसिक क्षमता पर सवाल उठाते हुए एक इंटरव्यू को भी साझा किया।

उन्होंने एक लेख का लिंक साझा करते हुए लिखा, अमेरिका सबसे मजबूत नेता पाने का हकदार है। गुरुवार की रात (अटलांटा में डिबेट) चौंकाने वाली थी। यही वजह है कि मैं राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ लगाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए मानसिक क्षमता के परीक्षण की मांग कर रही हूं।

# चीनी रॉकेट तियानलोंग-3 परीक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त, गोंगयी शहर में जा गिरा




**बीजिंग।** चीनी रॉकेट तियानलोंग-3 रविवार को जमीनी परीक्षण के दौरान लॉन्च होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रॉकेट लॉन्च करने वाली कंपनी स्पेस पायनियर ने अपने बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है।

**पहाड़ी इलाके में गिरा रॉकेट :** सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना तब हुई जब तियानलोंग-3 रॉकेट का पहला चरण संरचनात्मक विफलता के कारण अपने लॉन्च पैड से अलग हो गया। जिसके बाद रॉकेट मध्य चीन के गोंगयी शहर के एक पहाड़ी इलाके में जा गिरा।

**रॉकेट बनाने वाली दिग्गज कंपनी है स्पेस पायनियर :** स्पेस पायनियर वाणिज्यिक रॉकेट क्षेत्र में काफी जानी मानी कंपनी है, जो कि तरल-प्रणोदक रॉकेटों बनाने में माहिर है। स्पेस पायनियर, जिसे बीजिंग तियानबिंग टेक्नोलॉजी के नाम से भी जाना जाता है। स्पेस पायनियर ने बयान जारी करते हुए बताया कि रॉकेट बॉडी और परीक्षण प्लेटफॉर्म के बीच कनेक्शन विफल हो गया था, जिससे पहले चरण का रॉकेट लॉन्च पैड से अलग हो गया। यह दुर्घटना चीन के चांग'ई-6 चंद्र मॉड्यूल के अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटने के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जहां इसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से से पहली बार नमूने एकत्र किए थे। रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुआ रॉकेट तियानलोंग-3 एक बड़ा तरल वाहक रॉकेट है। इसे चीन के सैटेलाइट इंटरनेट नेटवर्क के निर्माण में मदद के लिए बनाया गया था।

**2023 में स्पेस पायनियर ने अपने तियानलोंग -2 रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया था :** सीएनएन के अनुसार अप्रैल 2023 में, स्पेस पायनियर ने अपने तियानलोंग -2 रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था, जो तरल वाहक रॉकेट को कक्षा में भेजने वाला चीन का पहला वाणिज्यिक लॉन्च ऑपरेटर बन गया था।

# पूर्व मेयर दिवंगत तेलूराम काम्बोज की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

## अधिकांश वक्ताओं ने पूर्व मेयर को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया





























**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर तेलूराम काम्बोज की जयंती के मौके पर सोमवार को एक विचार गोष्ठी पूर्व पार्षद हिमांशु लव के तहसील कम्पाउंड स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।

विचार गोष्ठी में पूर्व राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा ने दिवंगत मेयर तेलूराम काम्बोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में संघर्ष किया और अपनी ईमानदारी से शहर की सेवा की। वरिष्ठ स्तम्भकार एवं लेखक विनय संकोची ने कहा कि मुझे दिवंगत मेयर तेलूराम काम्बोज के साथ लंबे अर्से तक काम करने का मौका मिला। जब तक काम किया तब तक उन्होंने केवल और केवल समाज के उत्थान के विषय में गंभीरता से सोचा। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाराशर ने कहा कि एक पत्रकार के रूप में तेलूराम काम्बोज ने गाजियाबाद के विकास को आगे बढ़ाया। जर्नी ऑफ सस्सैस के समाचार संपादक अशोक शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद में एक ऐसी संस्था का गठन किया जाना चाहिए जो हमारे दिवंगत जनप्रतिनिधियों की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करे ताकि आने वाली पीढ़ी को हम अपना इतिहास बखूबी बता सकें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद अनिल स्वामी ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन ईमानदारी के साथ बिताया और मेयर रहते हुए उनका कार्यकाल बेदाग रहा।

गोष्ठी के आयोजनकर्ता एवं पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि दिवंगत तेलूराम काम्बोज ने जनपद गाजियाबाद को बहुत कुछ दिया जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। हिमांशु लव ने कहा कि आने वाले समय में गाजियाबाद के समस्त पूर्व जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ स्तम्भकारों एंव लेखकों, कवियों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाने का काम एक संस्था के बैनर तले किया जायेगा। गोष्ठी में भाजपा नेता सचिन सोनी, पूर्व पार्षद आनन्द चौधरी, मनु लव समेत अनेक लोगों ने पूर्व मेयर को याद किया।

लोकसभा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ

## बागपत में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटकर दी बधाई









**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** बागपत में सपाइयों ने केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर सपा लोकसभा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के नेतृत्व में धूमधाम से अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी के तमाम नेता कार्यालय पहुंचे। केक काटने के बाद एक दूसरे को अखिलेश यादव के जन्मदिन की बधाई दी गई। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद अमरपाल शर्मा लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। ज्यादातर कार्यक्रम में वह शिरकत भी कर रहे हैं। जन्मदिन केक के ऊपर अखिलेश यादव का फोटो लगाने के बाद सपाइयों ने अखिलेश को बधाई देते हुए केक काटा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रविन्द्र यादव, खेड़की प्रधान आशीष शर्मा, योगेश प्रधान, राजीव, नितिन शर्मा, सन्दीप भरद्वाज, सचिन शर्मा एवं सपा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यालय पर मौजूद रहे।

# मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने समारोह आयोजित कर मनाया अपना जन्मदिन


































**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपना जन्मदिन समारोह अपने राजनीतिक मित्रों, शुभचिंतकों और परिजनों के साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, विधायक नंदकिशोर गुर्जर समेत वरिष्ठ राजनेताओं एवं गणमान्य लोगों के अलावा परिजनों ने उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## विश्व विजेता बनने में भारतीय टीम का सामूहिक प्रयास रहा : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारतीय टीम ने पिछले वर्ष वर्ल्ड कप में हुई हार का गम दूर कर दिया। 7 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया से मिली हार से टीम सहित सभी भारतीयों का दिल टूट गया था। परंतु भारतीय टीम ने निराशा से उभरते हुए, शानदार वापसी की और टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारतवासियों को तोहफा दिया। समाजसेवी सिकंदर यादव का कहना है कि रोहित की टीम ने साबित किया कि निरंतर प्रयास करने वाले की कभी हार नहीं होती। इस जीत के कई कारक रहे, जिसमें प्रमुख कारण भारतीय टीम का सामूहिक प्रयास रहा। जहां रोहित ने अपनी शानदार पारियों से ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं विराट ने फाइनल मैच में बड़ी पारी खेलकर दिखाया कि वो बड़े मैच का खिलाड़ी है। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की, अफ्रीकी ओपनर को अपने आउट स्विंग पर क्लीन बोल्ड करने वाली गेंद इस विश्व कप की सबसे शानदार गेंद थी। बुमराह ने पूरे टूनार्मेंट में असाधारण गेंदबाजी की, वहीअर्शदीप व हार्दिक ने पूरी तरह से उनके साथ दिया। स्पिन गेंदबाजी में कुलदीप व अक्षर ने अपनी भूमिका निभाई हालांकि फाइनल में दोनों उतनी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए, परंतु उनकी कमी हार्दिक व अर्शदीप ने पूरी कर दी, बल्लेबाजी की बात करें तो रोहित, सूर्य, विराट ने अपनी-अपनी योग्यता जरूरत पड़ने पर दिखाई। फाइनल का सबसे बड़ा मूवमेंट सूर्यकुमार का कैच रहा जिसके कारण अफ्रीका जीतते-जीतते रह गया। ये कैच इतिहास में दर्ज हो गया और इस मैच का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा। संक्षेप में कहा जाए तो पूरी टीम ने थोड़ा-थोड़ा योगदान देकर भारतीय फैंस को जून में दिवाली मनाने का मौका दिया। सिकंदर यादव ने उम्मीद जताई है कि भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम युग इस जीत के बाद एक बार फिर लौटेगा, नई पीढ़ी जीत से प्रेरणा लेकर और आगे बढ़ेगी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा हमेशा से सोशल मीडिया पर एक संदेश देते हैं। जब भाजपा एक पौधा मां के नाम अभियान चला रही है तब उन्होंने पिता की महत्ता बताई और अपने पिता के नाम एक पौधा लगाया। पिता के प्रति उनका प्रेम उनका लगाव उनकी आस्था श्रद्धा उनके शब्दों में उतर आई। पिता का सम्मान करने का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।